9. यदि किसी कारणवश, स्थापन के कर्मचारी, भारतीय जीवन बीमा निगम को उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापन पहले अपना चुका है, अधीन नहीं रह जाते हैं, या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले फायदे किसी रीति से कम हो जाते हैं, तो यह छूट रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश, नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है, और पालिसी को व्ययगत हो जाने दे दिया जाता है तो, छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय, आदि में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में, उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितियों या विधिक वारिसों को जो यदि यह, छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा फायदों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक, इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नामनिर्देशितियों विधिक वारिसों को बीमाकृत रकम का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत रकम प्राप्त होने के सात दिन के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

[सं० एस-35014/89/81-पी०एफ०-II]

S.O. 1238.—Whereas Messrs The Printers (Mysore) Limited, 16, Mahatma Gandhi Road, P.B. No. 5331, Bangalore-560001 (hereinafter referred to as the said establishment) have applied for exemption under sub-section (2A) of section 17 of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) (hereinafter referred to as the said Act);

And whereas, the Central Government is satisfied that the employees of the said establishment are, without making any separate contribution or payment of premium, in enjoyment of benefits under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India in the nature of Life Insurance which are more favourable to such employees than the benefits admissible under the Employees Deposit Linked Insurance Scheme 1976 (hereinafter referred to as the said Scheme);

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of section 17 of the said Act and subject to the conditions specified in the Schedule annexed hereto, the Central Government hereby exempts the said establishment from the operation of all the provisions of the said Scheme for a period of three years.

THE SCHEDULE

1. The employer in relation to the said establishments shall submit such returns to the Regional Provident Fund Commissioner, Karnataka and, maintain such accounts and provide for such facilities for inspection, as the Central Government may direct from time to time.

2. The employer shall pay such inspection charges as the Central Government may, from time to time, direct under clause (a) of sub-section (3A) of section 17 of the said Act, with 15 days from the close of every month.

3. All expenses involved in the administration of the Group Insurance Scheme, including maintenance of accounts, submission of returns, payment of insurance premia, transfer of accounts, payment of inspection charges, etc. shall be borne by the employer.

4. The employer shall display, on the Notice Board of the establishment, a copy of the rules of the Group Insurance Scheme as approved by the Central Government and as when amended alongwith translation of the salient features thereof, in the language of the majority of the employees.

5. Where an employee, who is already a member of the Employees' Provident Fund or the Provident Fund of an establishment exempted under the said Act, is employed in his establishment the employer shall immediately enrol him as a member of the Group Insurance Scheme and pay necessary premium in respect of him to the Life Insurance Corporation of India.

6. The employer shall arrange to enhance the benefits available to the employees under the Group Insurance Scheme appropriately, if the benefits available to the employees under the said Scheme are enhanced so that the benefits available under the Group Insurance Scheme are more favourable to the employees than the benefits admissible under the said Scheme.

7. Notwithstanding anything contained in the Group Insurance Scheme, if on the death of an employee the amount payable under this scheme be less than the amount that would be payable had employee been covered under the said Scheme, the employer shall pay the difference to the legal heir/nominee of the employee as compensation.

8. No amendment of the provisions of the Group Insurance Scheme shall be made without the prior approval of the Regional Provident Fund Commissioner, Karnataka and where any amendment is likely to affect adversely the interest of the employees, the Regional Provident Fund Commissioner shall before giving his approval, give a reasonable opportunity to the employees to explain their point of view.

9. Where, for any reason, the employees of the establishment do not remain covered under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India as already adopted by the establishment, or the benefits to the employees under this Scheme are reduced to any manner, the exemption shall be liable to be cancelled.

10. Where, for any reason, the employer fails to pay the premium within the due date, as fixed by the Life Insurance Corporation of India and the policy is allowed to lapse, the exemption is liable to be cancelled.

11. In case of default, if any, made by the employer in payment of premium etc., the responsibility for the payment of assurance benefits to the nominee or legal heirs of diseased members who would have been covered under the said Scheme but for grant of this exemption, will be that of the employer.

12. Upon the death of the member covered under the scheme, the employer in relation to the said establishment shall ensure prompt payment of the sum assured to the nominee/legal heirs entitled for it and in any case within 7 days of the receipt of the sum assured from the Life Insurance Corporation of India.

[No. S. 35014(89)/81-PF. II]

का०आ० 1239.—मैसर्स किर्लोस्कर इलैक्ट्रिक कम्पनी लिमिटेड, हुबली—580020 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापन कहा गया है) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 17 की उपधारा (2क) के अधीन छूट दिए जाने के लिए आवेदन किया है;

और केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि उक्त स्थापन के कर्मचारी किसी पृथक अभिदाय या प्रीमियम का संदाय किए बिना ही, भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन जीवन बीमा के रूप में फायदा उठा रहे हैं और ऐसे कर्मचारियों के लिए ये फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हैं जो कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्कीम कहा गया है) के अधीन उन्हें अनुज्ञेय हैं;

अतः केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, उक्त स्थापन को तीन वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के प्रवर्तन से छूट देती है ।

अनुसूची

1. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, कर्नाटक को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय सरकार समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3क) के खंड (क) के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारों का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति, और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद, स्थापन के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापन की भविष्य निधि का पहले ही सदस्य है उसके स्थापन में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक, सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध फायदे बन्द हो जाते हैं तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध फायदों में सामुचित रूप से वृद्धि की जाने की व्यवस्था करेगा जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हों, जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए, यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय रकम उस रकम से कम है तो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नामनिर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों रकमों के अंतर के बराबर रकम का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन, प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त कर्नाटक के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन की संभावना हो वहां प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश, स्थापन के कर्मचारी, भारतीय जीवन बीमा निगम को उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापन पहले अपना चुका है, अधीन नहीं रह जाते हैं, या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले फायदे किसी रीति से कम हो जाते हैं, तो यह छूट रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश, नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है, और पालिसी को व्यपगत हो जाने दे दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय, आदि में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में, उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितियों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा फायदों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक, इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नामनिर्देशितियों/विधिक वारिसों को बीमा कृत रकम का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमामुक्त रकम प्राप्त होने के सात दिन के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

[संख्या एस०-35014/97/81-पी०एफ० II]

S.O. 1239.—Whereas Messrs Kirloskar Electric Company Limited, Hubli-580020 (hereinafter referred to as the said establishment) have applied for exemption under sub-section (2A) of section 17 of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) (hereinafter referred to as the said Act);

And whereas, the Central Government is satisfied that the employees of the said establishment are, without making any separate contribution or payment of premium, in enjoyment of benefits under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India in the nature of Life Insurance which are more favourable to such employees than the benefits admissible under the Employees Deposit-Linked Insurance Scheme, 1976 (hereinafter referred to as the said Scheme);

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of section 17 of the said Act and subject to the conditions specified in the Schedule annexed hereto, the Central Government hereby exempts the said establishment from the operation of all the provisions of the said Scheme for a period of three years.

THE SCHEDULE

1. The employer in relation to the said establishment shall submit such returns to the Regional Provident Fund Commissioner, Karnataka and maintain such accounts and provide for such facilities for inspection, as the Central Government may direct from to time.

2. The employer shall pay such inspection charges as the Central Govt. may, from time to time, direct under clause (a) of sub-section (3A) of section 17 of the said Act, within 15 days from the close of every month.

3. All expenses involved in the administration of the Group Insurance Scheme, including maintenance of accounts Submission of returns, payment of insurance premia, transfer of accounts, payment of inspection charges, etc. shall be borne by the employer.

4. The employer shall display, on the Notice Board of the establishment a copy of the rules of the Group Insurance Scheme as approved by the Central Government and, as and when amended, alongwith a translation of the salient features thereof, in the language of the majority of the employees.

5. Where an employee, who is already a member of the Employees' Provident Fund or the Provident Fund of an establishment exempted under the said Act, is employed in this establishment, the employer shall immediately enrol him as a member of the Group Insurance Scheme and pay necessary premium in respect of him to the Life Insurance Corporation of India.

6. The employer shall arrange to enhance the benefits available to the employees under the Group Insurance Scheme appropriately, if the benefits available to the employees under the said scheme are enhanced, so that the benefits available under the Group Insurance Scheme are more favourable to the employees than the benefits admissible under the said Scheme.

7. Notwithstanding anything contained in the Group Insurance Scheme, if on the death of an employee the amount payable under this scheme be less than the amount that would be payable had employee been covered under the said Scheme, the employer shall pay the difference to the legal heir/nominee of the employee as compensation.

8. No amendment of the provisions of the Group Insurance Scheme shall be made without the prior approval of the Regional Provident Fund Commissioner Karnataka and where any amendment is likely to affect adversely the interest of the employees, the Regional Provident Fund Commissioner shall before giving his approval, give a reasonable opportunity to the employees to explain their point of view.

9. Where, for any reason, the employees of the establishment do not remain covered under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India as already adopted by the establishment, or the benefits to the employees under this Scheme are reduced to any manner, the exemption shall be liable to be cancelled.

10. Where, for any reason, the employer fails to pay the premium within the due date, as fixed by the Life Insurance Corporation of India, and the policy is allowed to lapse, the exemption is liable to be cancelled.

11. In case of default, if any, made by the employer in payment of premium etc., the responsibility for payment of assurance benefits to the nominee or legal heirs of deceased members who would have been covered under the said Scheme but for grant of this exemption, will be that of the employer.

12. Upon the death of the member covered under the scheme, the employer in relation to the said establishment shall ensure prompt payment of the sum assured to the nominee/legal heirs entitled for it and in any case within 7 days of the receipt of the sum assured from the Life Insurance Corporation of India.

[No. S. 35014(97)/81-PF. II]

का०आ० 1240.—मैसर्स इलैक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड चेर्लापटी, हैदराबाद (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापन कहा गया है) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) (जिसे इसमें उसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 17 की उपधारा (2क) के अधीन छूट दिए जाने के लिए आवेदन किया है;

और केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि उक्त स्थापन के कर्मचारी किसी पृथक अभिदाय या प्रीमियम का संदाय किए बिना ही, भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन जीवन बीमा के रूप में फायदा उठा रहे हैं और ऐसे कर्मचारियों के लिए ये फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हैं जो कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्कीम कहा गया है) के अधीन उन्हें अनुज्ञेय हैं;

अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इससे उपाबद्ध अनु-

सूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, उक्त स्थापन को तीन वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के प्रवर्तन से छूट देती है।

अनुसूची

1. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजन प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त आन्ध्र प्रदेश को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय सरकार समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3क) के खंड (क) के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण, निरीक्षण प्रभारों का संदाय आदि भी हैं, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति, और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद, स्थापन के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापन की भविष्य निधि का पहले से सदस्य है, उसको स्थापन में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक, सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध फायदे बढ़ाए जाते हैं तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध फायदों में समुचित रूप से वृद्धि की जाने की व्यवस्था करेगा जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हों, जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय रकम उस रकम से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नामनिर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों रकमों के अन्तर के बराबर रकम का संदाय करेगा ।

8 सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन, प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, आन्ध्र प्रदेश के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो वहां, प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश, स्थापन के कर्मचारी, भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापन पहले अपना चुका है, अधीन नहीं रह जाते हैं, या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले फायदे किसी रीति से कम हो जाते हैं, तो यह छूट रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश, नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है, और पालिसी को व्यपगत हो जाने दे दिया जाता है तो, छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय, आदि में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में, उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितियों या विधिक वारिसों को यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होने, बीमा फायदों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक, इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नामनिर्देशितियों/विधिक वारिसों को बीमाकृत रकम का संदाय सत्वरता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत रकम प्राप्त होने के सात दिन के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

[संख्या एस-35014/105/81-पी०एफ० 2]

S.O. 1240.—Whereas Messrs Electronics Corporation of India Limited, Cherlapati, Hyderabad (hereinafter referred to as the said establishment) have applied for exemption under sub-section (2A) of section 17 of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) (hereinafter referred to as the said Act);

And whereas, the Central Government is satisfied that the employees of the said establishment are, without making any separate contribution or payment of premium, in enjoyment of benefits under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India in the nature of Life Insurance which are more favourable to such employees than the benefits admissible under the Employees Deposit-linked Insurance Scheme, 1976 (hereinafter referred to as the said Scheme);

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of section 17 of the said Act and subject to the conditions specified in the Schedule annexed hereto, the Central Government hereby exempts the said establishment from the operation of all the provisions of the said Scheme for a period of three years.

SCHEDULE

1. The employer in relation to the said establishment shall submit such returns to the Regional Provident Fund Commissioner, Andhra Pradesh and maintain such accounts and provide for such facilities for inspection, as the Central Government may direct from time to time.

2. The employer shall pay such inspection charges as the Central Government may, from time to time, direct under clause (a) of sub-section (3A) of section 17 of the said Act, within 15 days from the close of every month.

3. All expenses involved in the administration of the Group Insurance Schemes, including maintenance of accounts, submission of returns, payment of insurance premia, transfer of accounts, payment of inspection charges, etc. shall be borne by the employer.

4. The employer shall display, on the Notice Board of the establishment, a copy of the rules of the Group Insurance Scheme as approved by the Central Government and, as and when amended, alongwith a translation of the salient features thereof, in the language of the majority of the employees.

5. Where an employee, who is already a member of the Employees' Provident Fund or the Provident Fund of an establishment exempted under the said Act, is employed in this establishment, the employer shall immediately enrol him as a member of the Group Insurance Scheme and pay necessary premium in respect of him to the Life Insurance Corporation of India.

6. The employer shall arrange to enhance the benefits available to the employees under the Group Insurance Scheme appropriately, if the benefits available to the employees under the said scheme are enhanced, so that the benefits available under the Group Insurance Scheme are more favourable to the employees than the benefits admissible under the said Scheme.

7. Notwithstanding anything contained in the Group Insurance Scheme, if on the death of an employee the amount payable under this scheme be less than the amount that would be payable had employee been covered under the said Scheme, the employer shall pay the difference to the legal heir/nominee of the employee as compensation.

8. No amendment of the provisions of the Group Insurance Scheme shall be made without the prior approval of the Regional Provident Fund Commissioner, Andhra Pradesh and where any amendment is likely to affect adversely the interest of the employees, the Regional Provident Fund Commissioner shall before giving his approval, give a reasonable opportunity to the employees to explain their point of view.

9. Where, for any reason, the employees of the establishment do not remain covered under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India as already adopted by the establishment, or the benefits to the employees under this Scheme are reduced to any manner, the exemption shall be liable to be cancelled.

10. Where, for any reason, the employer fails to pay the premium within the due date, as fixed by the Life Insurance Corporation of India, and the policy is allowed to lapse, the exemption is liable to be cancelled.

11. In case of default, if any, made by the employer in payment of premium etc., the responsibility for payment of assurance benefits to the nominee or legal heirs of deceased members who would have been covered under the said Scheme but for grant of this exemption, will be that of the employer.

12. Upon the death of the member covered under the scheme, the employer in relation to the said establishment shall ensure prompt payment of the sum assured to the nominee/legal heirs entitled for it and in any case within 7 days of the receipt of the sum assured from the Life Insurance Corporation of India.

[No. S. 35014(105)/81-PF. II]

नई दिल्ली, 5 मार्च, 1982

का०आ० 1241.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 10 की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार, श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का०आ० 3329 दिनांक 19 नवम्बर, 1981 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के अधीन सरकार द्वारा इस प्रयोजन हेतु मान्यता प्राप्त चिकित्सा व्यवसायिकों के संगठनों के साथ परामर्श करके नाम निर्देशित ("शीर्षक के अन्तर्गत क्रमांक संख्या 30,31 और 32 के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

30 डा०एन०जी० भिण्डे, 619, बुधवार पेठ, पूना-2

31. डा० (श्रीमती) ललिता राव, 141, कैलाश, शीव (पश्चिम), बम्बई.

32. डा० पी० के० वैरियर, अध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस आयुर्वेद्यशाला, कोटाकल (केरल)।

[फाइल संख्या यू-16012/8/80-एच०आई०]

New Delhi, the 5th March, 1982

S.O. 1241.—In pursuance of section 10 of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Labour S.O. No. 3329, dated 19th November, 1981, namely :—

In the said notification, under the heading "(Nominated by the Central Government under clause (g) of sub-section (1) of section 10, in consultation with organisations of Medical Practitioners recognised by the Government for the purpose)" for the entry against serial numbers 30, 31 and 32, the following entries shall be substituted, namely :—

"30. Dr. M. G. Bhide,
619, Budhwar Peth,
POONA-2.

31. Dr. (Mrs.) Lalita Rao,
141, Kailas,
Slon (West),
BOMBAY.

32. Dr. P. K. Warrior,
President,
All India Ayurvedic Congress Aryavaidyasala,
Kottakal, KERALA.

[File No. U-16012/8/80-HI]

नई दिल्ली, 6 मार्च, 1982

का०आ० 1242.—मैसर्स टाटा इंजीनियरी एण्ड लोको मोटिव कंपनी लिमिटेड जमशेदपुर (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापन कहा गया है) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 9) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 17 की उपधारा (2क) के अधीन छूट दिए जाने के लिए आवेदन किया है ;

और केन्द्रीय सरकार का समाधान हो गया है कि उक्त स्थापन के कर्मचारी, किसी पृथक अभिदान या प्रीमियम का संदाय किए बिना ही उक्त स्थापन की जीवन बीमा स्कीम के अधीन जीवन बीमा के रूप में फायदे उठा रहे हैं और ऐसे कर्मचारियों के लिए यह फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हैं जो कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्कीम कहा गया है) के अधीन उन्हें अनुज्ञेय हैं ;

अतः, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, उक्त स्थापन को तीन वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के प्रवर्तन से छूट देती है।

अनुसूची

1. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक, प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, बिहार को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा, जो केन्द्रीय सरकार समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

2. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारों का प्रत्येक मास की समाप्ति से 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (3क) के खण्ड (क) के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करे।

3. जीवन बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अंतर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, निरीक्षण प्रभारों का संदाय भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित जीवन बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद उक्त स्थापन के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक ऐसे कर्मचारी के बाबत जो उक्त स्थापन छोड़ देता है और उक्त अधिनियम के अन्तर्गत के आने वाले किसी अन्य स्थापन में कार्यभार ग्रहण करता है, उस अन्य स्थापन की बाबत बीमा निधि में छोड़कर बाहर जाने वाले कर्मचारी के नाम में वह आनुपातिक रकम अन्तरित करेगा जो उसे उस दशा में संदेय होती जब वह कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम 1976 का सदस्य होता।

6. यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जो उक्त अधिनियम के अधीन कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापन की भविष्य निधि का पहले ही सदस्य है, उक्त स्थापन में नियोजित किया जाता है तो, उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक जीवन बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा।

7. यदि उक्त स्कीम के अधीन उपलब्ध फायदे बढ़ाए जाते हैं तो उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक जीवन बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध फायदों में समुचित रूप से वृद्धि की जाने की व्यवस्था करेगा जिससे कि जीवन बीमा स्कीम के अधीन उपलब्ध फायदे उन फायदों से अधिक अनुकूल हों जो उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं।

8. जीवन बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर पूर्वोक्त जीवन बीमा स्कीम के अधीन संदेय रकम उस रकम से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस या नाम निर्देशिती को दोनों रकमों के अन्तर के बराबर रकम का संदाय करेगा।

9. जीवन बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त, बिहार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो वहां, प्रादेशिक भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

10. यदि किसी कारणवश उक्त स्थापन के कर्मचारी, स्थापन की जीवन बीमा स्कीम के, जिसे स्थापन पहले अपना चुका है अधीन नहीं रह जाते हैं या पूर्वोक्त जीवन बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले फायदे किसी रीति से कम हो जाते हैं, तो यह छूट उस तारीख से रद्द की गई समझी जाएगी और स्थापन को उक्त स्कीम के अधीन समझा जाएगा।

11. उक्त स्थापन के संबंध में नियोजक, जीवन बीमा स्कीम के अधीन आने वाले किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर, उसके हकदार नाम निर्देशिती/विधिक वारिसों को बीमाकृत रकम का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में कर्मचारी की मृत्यु होने के मास दिन के भीतर सुनिश्चित करेगा।

12. उक्त स्थापन अपनी कर्मचारी निधि से कम से कम पांच लाख रुपए की रकम पृथक करेगा और उसे एक पृथक खाते में रखेगा जिसमें स्थापन की जीवन बीमा स्कीम के अधीन उद्भूत होने वाली बाध्यता का निर्वहन किया जाएगा। उक्त पृथक खाते में जमा की गई रकम की समय-समय पर पूर्ति की जाएगी जिससे स्थापन की जीवन बीमा स्कीम के अधीन संदाय तत्परता से सुनिश्चित किया जा सके।

[सं० एस 35014/24/77-पी एफ-2]

ए०के० भट्टराई, अवर सचिव

New Delhi, the 6th March 1982

S.O. 1242.—Whereas Messrs. Tata Engineering and Locomotive Company Limited, Jamshedpur (hereinafter referred to as the said establishment) have applied for exemption under sub-section (2A) of section 17 of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) (hereinafter referred to as the said Act);

And whereas, the Central Government is satisfied that the employees of the said establishment are, without making any separate contribution or payment or premium, in enjoyment of benefits under the Life Cover Scheme of the said establishment in the nature of life insurance, which are more favourable to such employees than the benefits admissible under the Employees' Deposit-Linked Insurance Scheme, 1976 (hereinafter referred to as the said Scheme);

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of the section 17 of the said Act, and subject to the conditions specified in the Schedule annexed hereto, the Central Government hereby exempts the said establishment from the operation of all the provisions of the said Scheme, for a period of three years.

SCHEDULE

1. The employer in relation to the said establishment shall submit such returns to the Regional Provident Fund Commissioner, Bihar, maintain such accounts and provide for such facilities for inspection as the Central Government may direct from time to time.

2. The employer in relation to the said establishment shall pay such inspection charges as the Central Government may, from time to time direct under clause (a) of sub-section (3A) of section 17 of the said Act, within 15 days from the close of every month.

3. All expenses involved in the administration of the Life Cover Scheme, including maintenance of accounts, submission of returns and payment of inspection charges shall be borne by employer of the said establishment.

4. The employer in relation to the said establishment shall display, on the Notice Board of the said establishment, a copy of the rules of the Life Cover Scheme as approved by the Central Government and as and when amended, with the

amendments thereof alongwith a translation of the salient features thereof in the language of the majority of the employees.

5. The employer in relation to the said establishment shall arrange in respect of an employee who leave the said establishment and joins another establishment covered under the said Act to transfer to the Insurance Fund in respect of the other establishment the proportionate amount that would have been payable had been a member of the Employees Deposit Linked Insurance Scheme, 1976 to the credit of the outgoing employees.

6. Where an employees, who is already a member of the Employees' Provident Fund under the said Act or the provident fund of an establishment exempted under the said Act, is employed in the said establishment the employer in relation to the said establishment shall immediately enrol him as a member of the Life Cover Scheme.

7. The employer in relation to the said establishment shall arrange to enhance the benefits available to the employees under the Life Cover Scheme appropriately, if the benefits available under the said Scheme are enhanced, so that the benefits available under the Life Cover Scheme are more favourable to the employees than the benefits admissible under the said Scheme.

8. Notwithstanding any thing contained in the Life Cover Scheme, if on the death of the employee, the amount payable under the Life Cover Scheme afo resaid be less than the amount that would be payable had the employee been covered under the said Scheme, the employer shall pay difference to the Legal heir or nominee of the employees.

9. No. amendment of the provisions of the Life Cover Scheme shall be made without the prior approval of the Regional Provident Fund Commissioner, Bihar and where any amendment is likely to affect adversely the interest of the employees the Regional Provident Fund Commissioner, shall before giving his approval, give a reasonable opportunity to the employees to express their point of view.

10. Where, for any reason employees of the said establishment do not remain covered under the Life Cover Scheme of the establishment at already opted by the establishment or the benefits to the employees under the Life Cover Scheme are reduced by any manner, the exemption shall be deemed to have been cancelled with effect from that date and the establishment be treated as covered under the said Scheme.

11. Upon the death of an employee covered under the Life Cover Scheme, the employer in relation to the said establishment shall ensure prompt payment of the sum assured to the nominee/legal heirs entitled for it and in any case within 7 days of the death of the employee.

12. The said establishment shall set apart from their working fund sum of Rs. five lakhs and the same shall be kept in a separate account from which obligations arising under the Life Cover Scheme of the esfablishment shall be discharged. Amounts credited to the said separate account shall be replenished from time to time to ensure prompt payment under the Life Cover Scheme of the establishment.

[No. S. 35014/24/77-PF. II]
A. K. BHATTARAI, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 5 मार्च, 1982

का०आ० 1243.—भारत सरकार, श्रम मंत्रालय की अधिसूचना सं० का०आ० 2242 तारीख 24 मई, 1971 द्वारा गठित श्रम न्यायालय, गुन्टूर के पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त हुआ है ;

अतः अब औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 8 के उपबंधों के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार श्री नयनी कृष्णामूर्ति को उक्त श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एस-11020/3/82-डी० 1.ए०]
एल० के० नारायणन, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 5th March, 1982

S.O. 1243.—Whereas a vacancy has occurred in the office of the Presiding Officer of the Labour Court, Guntur, constituted by the notification of the Government of India in the Ministry of Labour No. S.O. 2242 dated the 24th May, 1971;

Now, therefore in pursuance of the provisions of section 8 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby appoints Shri Nayani Krishnamurthy, as the Presiding Officer of the said Labour Court.

[F. No. S-11020/3/82/DIA]
L. K. NARAYANAN, Under Secy.

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 5 मार्च, 1982

का०आ० 1244.—भारत सरकार, श्रम मंत्रालय की तारीख 2 दिसम्बर, 1981 की अधिसूचना संख्या का०आ० 3418 में, जो तारीख 19 दिसम्बर, 1981 के भारत के राजपत्र, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) में पृष्ठ 3917 पर प्रकाशित की गई थी, पृष्ठ 3917 पर लाइन 21 में "श्रीमती ए० रेखा" के स्थान पर "श्रीमती ए० रोबा" पढ़ें।

[फा०सं०यू 23017/5/80 एम 4]
जगदीश प्रसाद, अवर सचिव

CORRIGENDUM

New Delhi, the 5th March, 1982

S.O. 1244.—In the notification of Government of India in the Ministry of Labour No. S.O. 3418 dated 2nd December, 1981 published at pages 3917-3918 of the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-Section (ii) dated December 19, 1981, at page 3918, in line 29 for "Mrs. A. Rekha" reads "Mrs. A. Roba".

[F. No. U-23017/5/80-MIV]

JAGDISH PRASAD, Under Secy.

नई दिल्ली, 31 अगस्त, 1981

का० आ० 1245.--कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 36 के अनुसरण में, कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वर्ष 1979-80 सम्बन्धी वार्षिक रिपोर्ट आम सूचना के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित की जाती है:—

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों की सूची, 1979-80

अध्यक्ष

श्री जे० बी० पटनायक

श्रम मंत्री

भारत सरकार

उपाध्यक्ष

श्री एन० आर० लस्कर

राज्य मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,

भारत सरकार

सदस्य

केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि :

3 रिक्त

4. सचिव,
भारत सरकार,
श्रम मंत्रालय

5 श्री आर० के सुब्रह्मण्य,
अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार,
श्रम मंत्रालय।

6. डा० बी० सकरन,
महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं,
भारत सरकार ।

7 श्री एन० के पाण्डा,
संयुक्त सचिव, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय ।

राज्य सरकारों के प्रतिनिधि :

8. श्री जी० आर० नायर,
सचिव, आंध्र प्रदेश सरकार,
श्रम, रोजगार तथा तकनीकी शिक्षा विभाग ।

9 श्री ए० अली,
सचिव, असम सरकार,
श्रम विभाग ।

10. श्री आई० सी० कुमार,
प्रधान सचिव, बिहार सरकार,
श्रम तथा रोजगार विभाग ।

11 श्री पी० पी० राठौर,
सचिव, गुजरात सरकार,
स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन विभाग।

12. श्री एच० एल० गुगनानी,
आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार,
श्रम तथा रोजगार विभाग।

13. श्री ओ० पी० यादव,
सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार,
श्रम तथा रोजगार विभाग।

14. श्री आई० डी० शर्मा,
श्रम आयुक्त, जम्मू व कश्मीर सरकार।

15. श्रीमती अचला मौलिक,
आयुक्त एवं सचिव, कर्नाटक सरकार,
समाज कल्याण तथा श्रम विभाग ।

16. श्री सी० पी० नायर,
विशेष सचिव, केरल सरकार,
श्रम विभाग ।

17. श्री फकीर चन्द,
सचिव, मध्य प्रदेश सरकार,
श्रम विभाग ।

18. श्री एन० वी० सुन्दरराजन,
विशेष सचिव, महाराष्ट्र सरकार,
नगर विकास तथा लोक स्वास्थ्य विभाग ।

19. श्री एस० मारवीन,
सचिव, मेघालय सरकार,
श्रम विभाग ।

20. श्री के० एस० पुरी,
सचिव, नागालैंड सरकार
गृह विभाग ।

21 श्री यू० एन० मलिक,
सचिव, उड़ीसा सरकार,
श्रम रोजगार तथा आवास विभाग ।

22. श्री हरदयाल सिंह,
सचिव, पंजाब सरकार,
स्वास्थ्य तथा कल्याण विभाग ।

23. श्री बृजेन्द्र सिंह
श्रम आयुक्त, राजस्थान सरकार,
श्रम विभाग ।

24. श्री सी० रामचन्द्रन,
सचिव, तमिलनाडु सरकार,
श्रम तथा रोजगार विभाग।

25 श्री एस० के० घोसाल,
सचिव, त्रिपुरा सरकार,
श्रम विभाग ।

26. श्री प्रकाश चन्द्र सक्सैना,
आयुक्त एवं सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार,
श्रम विभाग ।

27. श्री एन० कृष्णा मूर्थी,
सचिव, पश्चिमी बंगाल सरकार,
श्रम विभाग ।

संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि :

28 श्री एस० एल० चावड़ा,
श्रम आयुक्त,
दिल्ली प्रशासन ।

नियोजकों के प्रतिनिधि :

29. श्री आर० एन० जोशी
30 श्री सी० आर० पाल
31. श्री मदन मोहन मंगलदास
32 श्री पी० चेल्लमल राव
33 श्री एन० एस० राव

कर्मचारियों के प्रतिनिधि :

34. श्री जी० बी० चिटनिस
35. कुमारी ई० डिसूजा
36. श्री पी० के० शर्मा
37 श्री पी० बी० संकरानारायणन, विधान सभा सदस्य ।
38. रिक्त

चिकित्सा व्यवसाय के प्रतिनिधि :

39 डा० जे० मजूमदार
40. वैद्य श्री श्रीकृष्ण मुलतानी

संसद के प्रतिनिधि :

41. सैयद मब्बुल मलिक
42 रिक्त
43. रिक्त

पदेन सदस्य :

44 श्री हर मन्दर सिंह, महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थाई समिति के सदस्यों की सूची 1979-80

अध्यक्ष

श्री आर० के० ए० सुब्रह्मण्य,
अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय

सदस्य

2. रिक्त
3. डा० बी० संकरन, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार ।
4. श्री एन० के० पाण्डा, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ।

राज्य सरकारों के प्रतिनिधि :

5. श्री सी० पी० नायर, विशेष सचिव, केरल सरकार, श्रम विभाग ।
6. श्री एन० सी० सुन्दररामन, विशेष सचिव, महाराष्ट्र सरकार नगर विकास तथा लोक स्वास्थ्य विभाग ।
7. श्री एन० कृष्णा मूर्थी, सचिव, पश्चिमी बंगाल सरकार, श्रम विभाग ।

नियोजकों के प्रतिनिधि :

8. श्री सी० आर० पाल
9 श्री पी० चेल्लमल राव
10. श्री एन० एस० राव

कर्मचारियों के प्रतिनिधि :

11 श्री जी० बी० चिटनिस
12 कुमारी ई० डिसूजा
13 श्री पी० बी० संकरानारायणन, विधान सभा सदस्य ।

चिकित्सा व्यवसाय के प्रतिनिधि :

14 डा० जे० मजूमदार

संसद के प्रतिनिधि :

15. रिक्त

पदेन सदस्य :

16. श्री हर मंदर सिंह, महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ।

चिकित्सा हितलाभ परिषद के सदस्यों की सूची, 1979-80

अध्यक्ष

महा निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार,

सदस्य

केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि :

2. डा० ईश्वर दास बजाज, उप-महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं (के० स० स्वा० यो०), भारत सरकार ।
3. डा० बी० एम० चरनालिया, चिकित्सा आयुक्त, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ।

राज्य सरकारों के प्रतिनिधि

4 डा० टी० एन० साधी उप-निदेशक, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाएं, आंध्र-प्रदेश सरकार ।
5 डा० बी० एल० दास प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, असम सरकार ।
6. डा० ए० पी० वर्मा, प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी, श्रम तथा रोजगार विभाग, बिहार सरकार ।
7. लैफ्टीनेंट कर्नल बी० डी० मिश्र, निदेशक, चिकित्सा सेवाएं, (कर्मचारी राज्य बीमा योजना), गुजरात सरकार ।

8. डा० एस० शाह,
सहायक निदेशक,
स्वास्थ्य सेवाएं (सामाजिक बीमा)
हरियाणा सरकार ।

9. डा० एस० एल० ग्रोवर,
निदेशक,
स्वास्थ्य सेवाए तथा परिवार नियोजन,
हिमाचल प्रदेश सरकार ।

10 श्री आई० डी. शर्मा,
श्रम आयुक्त, जम्मू तथा काश्मीर सरकार ।

11 डा० के० बी० हनुमन्था रेड्डी,
निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
(चिकित्सा सेवाएं), कर्नाटक सरकार ।

12. डा० एम० राघवन,
प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
केरल सरकार ।

13. डा० पी० एस० दावे,
प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
मध्य प्रदेश सरकार ।

14 डा० आर० सी० ढिंगे,
निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
महाराष्ट्र सरकार ।

15. श्री एस० मारबीन,
सचिव, मेघालय सरकार,
श्रम विभाग ।

16. श्री एस० के० कोचर,
सचिव, नागालैंड सरकार,
गृह विभाग ।

17. डा० पी० सी० रथ,
प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना
उड़ीसा सरकार ।

18. डा० आसा सिंह,
निदेशक, स्वास्थ्य सेवाए,
पंजाब सरकार ।

19 डा० आर० आर० पुरोहित,
अतिरिक्त निदेशक,
चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाए,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
राजस्थान सरकार ।

20 अर्नेस्ट जे० डैविड,
निदेशक, चिकित्सा सेवाए तथा परिवार कल्याण,
तमिलनाडु सरकार ।

21. श्री एम० के० घोसाल,
सचिव, त्रिपुरा सरकार,
श्रम विभाग ।

22. डा० एम० सी० चतुर्वेदी,
संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य सेवाए,
कर्मचारी राज्य बीमा योजना,
उत्तर प्रदेश सरकार ।

23. श्रीमती आर० घोष,
निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा (चि० हि०) योजना,
पश्चिमी बंगाल सरकार ।

नियोजकों के प्रतिनिधि :

24. डा० बी० डी० कौशल

25. श्री आर० एन० जोशी

26. श्री आर० एल० मोदला

कर्मचारियों के प्रतिनिधि :

27 श्री ए० सी० सैकिया
विधान सभा सदस्य

28. श्री सुमेर सिंह

29. डा० समर राय चौधरी

चिकित्सा व्यावसाय के प्रतिनिधि :

30. डा० (श्रीमती) ललिता राव

31 डा० एन० एन० भट्टाचार्जी

32. आर्य वैद्यान पी० के० वारियर

"कर्मचारी राज्य बीमा निगम" एक नजर में

	31-3-79	31-3-80	1979-80 के दौरान प्रगति
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	20	20	—
केन्द्र	375	395	20
कर्मचारी	58,15,900	59,83,000	1,67,100
बीमाकृत व्यक्ति	65,89,500	68,50,000	2,60,500
परिवार एकक	65,89,500	68,50,000	2,60,500
बीमाकृत महिलाए	4,90,650	5,38,750	48 100
कुल लाभाधिकारी	2,55,67,300	2,65,78,000	10,10,700
कर्मचारी जो अभी योजना के अंतर्गत लाने है ।	8,79,700	8,58,000	(-) 21,700
नकद भुगतान कार्यालय	684	691	7
निरीक्षण कार्यालय	169	195	26
क० रा० बी० अस्पताल	65	67	2
क० रा० बी० औषधालय	27	33	6

	31-3-79	31-3-80	1979-80 के दौरान प्रगति
विस्तार			
(क) क० रा० बी० अस्पताल	14,007	14,102	95
(ख) क० रा० बी० अनैक्सियां	550	670	120
(ग) आरक्षित	4,747	4,765	18
जोड़	19,304	19,537	233
राज्य बीमा औषधालय	990	10,30	40
बीमा चिकित्सा अधिकारी	2,992	3,101	109
बीमा चिकित्सा व्यवसायियों के क्लीनिक	4,565	4,734	169

पूंजीगत निर्माण (लाख रुपये में)

स्वीकृत राशि	8944.06	9712.44	768.38
अग्रिम राशि	6864.37	7490.49	626.12

आय तथा व्यय	1978-79	
राजस्व आय	15,765.48	16,979 04
राजस्व व्यय	13,704.52	15,918.80

उपलब्धियां :

1.1 वर्ष के दौरान विशेष रूप से उल्लेखनीय एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 16 दिसम्बर, 1979 से उत्तर प्रदेश में 19 केन्द्रों पर 1,67,800 कर्मचारियों के परिवारों को पूर्ण चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया जाना है। इससे पहले उत्तर प्रदेश ही एकमात्र ऐसा राज्य था जिसमें लगभग 2,48,140 कर्मचारी परिवार एककों को केवल प्रतिबन्धित चिकित्सा देख-रेख प्रदान की जा रही थी। इन परिवार एककों के लिए पूर्ण चिकित्सा देख रेख का विस्तार करने की आवश्यकता पर काफी समय से उत्तर प्रदेश सरकार पर जोर दिया जा रहा था। उत्तर प्रदेश में फिलहाल प्रतिबन्धित चिकित्सा देख-रेख प्राप्त कर रहे शेष 23,800 कर्मचारी परिवार एककों के लिए भी पूर्ण चिकित्सा देख-रेख के विस्तार के अब प्रयास किये जा रहे हैं।

1.2 वर्ष के दौरान अन्य महत्वपूर्ण विकास/सुधार नीचे दिए गए हैं:

(क) निगम ने अपंग बीमाकृत व्यक्तियों को कृत्रिम अंग जुड़वाने, मरम्मत करवाने या बदलवाने के लिये प्रत्येक दिन के लिए कृत्रिम अंग केन्द्र में उनके दाखिल रहने की अवधि के दौरान बीमारी हितलाभ की दर पर पुनर्वास भत्ता मंजूर करने का अनुमोदन किया।

(ख) निगम ने परिवार कल्याण योजना को प्रोत्साहन देने के लिए नसबन्दी/नलीबन्दी आपरेशन करवाने वाले बीमाकृत व्यक्तियों को देय वर्धित बीमारी हितलाभ स्थायी आधार पर जारी रखने का अनुमोदन किया।

(ग) रोजगार चोट हितलाभ की मंजूरी के लिये कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की तीसरी अनुसूची में व्यावसायिक बीमारियों की सूची में बारह अतिरिक्त बीमारियां जोड़ी गईं।

(घ) कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के अन्तर्गत स्थायी अपंगता हितलाभ की आवधिक अदायगियों के रूपान्तरण के लिए एक मुश्त राशि निर्धारित करने की तालिका मौजूदा मृत्यु दर तथा हितसाधन के अनुभव के आधार पर परिशोधित की गई।

(ङ) उन मामलों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है (1) जहां बीमाकृत व्यक्ति एक स्थान पर कार्य करता है तथा रहता है और उसका परिवार उसी राज्य में ऐसे दूसरे स्थान पर रहता है जो एक कार्यान्वित केन्द्र है, तथा (2) जहां परिवार के सदस्य बीमाकृत व्यक्ति के छुट्टी या अस्थायी स्थानान्तरण पर उसके कार्य के स्थान से उसके साथ किसी ऐसे अन्य स्थान पर आते हैं जो उसी राज्य में या अन्य राज्य में एक कार्यान्वित केन्द्र है।

(च) निगम ने सक्रिय चिकित्सा उपचार की आवश्यकता न होने वाले लेकिन न्यूनतम चिकित्सा उपचार तथा देख-रेख की आवश्यकता होने वाले रोगियों के लिए बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य लाभ गृह बनाने का निर्णय किया।

(छ) बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों के उपचार तथा पुनर्वास के लिये आवश्यक कृत्रिम अंग, उपकरण तथा साधन चिकित्सा हितलाभ के भाग के रूप में प्रदान किये जा रहे हैं तथा योजना के लाभाधिकारियों को उपलब्ध चिकित्सा देख-रेख के भाग के रूप में डायलैसिस, गुर्दे बदलने, हृदय-शल्य चिकित्सा तथा कार्डियक पेसमेकर की व्यवस्था को शामिल करके चिकित्सा हितलाभ के मान को उदार बनाया गया है।

नये क्षेत्रों में कार्यान्वयन :

1.3 रिपोर्ट से संबंधित वर्ष के दौरान योजना आन्ध्र प्रदेश, बिहार गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तथा उत्तर प्रदेश राज्यों में 41 नये क्षेत्रों में कार्यान्वित की गई तथा इसमें लगभग 13,750 अतिरिक्त कर्मचारी शामिल किए गए। इसके ब्यौरे परिशिष्ट 1 भाग "क" में दिये गये हैं। इन क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार भी बीमाकृत व्यक्तियों के स्वयं चिकित्सा हितलाभ के हकदार होने की तारीख से ही चिकित्सा हितलाभ के हकदार हो गये। जम्मू व कश्मीर, मेघालय तथा त्रिपुरा राज्य में तथा अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के संघ राज्य क्षेत्रों में योजना के कार्यान्वयन के लिये प्रयत्न जारी रहे। इन राज्यों में योजना अभी तक किसी भी केन्द्र पर कार्यान्वित नहीं हुई है। वर्ष के अन्त में योजना विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में 395 केन्द्रों में लागू थी तथा स्थापनाओं के नये वर्गों में शामिल किए गए कर्मचारियों को मिलाकर इसमें कुल मिलाकर लगभग 58,59,650 कर्मचारी शामिल थे।

स्थापनाओं के नये वर्गों पर विस्तार :

1.4 आन्ध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल, पंजाब, राजस्थान तथा तमिलनाडु राज्यों में विभिन्न कार्यान्वित केन्द्रों में स्थापनाओं के नये वर्गों को योजना के अन्तर्गत लाया गया तथा लगभग 3,080 अतिरिक्त

कर्मचारियों को शामिल किया गया । इसके ब्यौरे परिशिष्ट-1 भाग-ख में दिये गये है । इन कर्मचारियों के परिवार भी बीमाकृत व्यक्ति के स्वयं चिकित्सा हितलाभ के हकदार होने की तारीख से ही चिकित्सा हितलाभ के हकदार हो गए ।

1.5 हरियाणा, केरल तथा राजस्थान राज्य सरकारों ने शेष केन्द्रों में स्थापना के शेष नये वर्गों पर योजना का विस्तार करने के लिए अपने आशय का छह मास का नोटिस देते हुए प्रारंभिक अधिसूचनाएं जारी की ।

1.6 केन्द्रीय सरकार द्वारा सिद्धान्त रूप से यथा-अनुमोदित महानगरों तथा शहरों में भवन निर्माण कामगारों पर योजना का विस्तार करने के मामले में राज्य सरकारों से चिन्ता पड़ी जारी रही जा कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम की धारा 1 (5) के अन्तर्गत इस प्रयोजन के लिये समुचित सरकार है । लेकिन दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रस्तावित विस्तार के लिए केन्द्रीय सरकार का विशेष रूप से अनुमोदन मांगे जाने के अलावा इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।

1.7 प्रत्येक राज्य में योजना के नये क्षेत्रों में कार्यान्वयन तथा पहले से कार्यान्वित केन्द्रों में रोजगार के नये सैक्टरों पर इसके विस्तार के मामले में निगम प्रत्येक वर्ष संबंधित राज्य सरकार के परामर्श से एक दो-वर्षीय चरणबद्ध कार्यक्रम तैयार करता है तथा राज्य सरकारों से उसके कार्यान्वियन के लिये शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है । कार्यान्वियन/विस्तार के चरणबद्ध कार्यक्रम के पालन की आवश्यकता पर राज्य सरकारों को पत्र व अनुस्मारक लिखकर तथा निगम के प्रधान अधिकारियों द्वारा राज्यों के दौरे के दौरान राज्य सरकार के प्राधिकारियों के साथ व्यक्तिगत चर्चा द्वारा भी दोनों तरह से जोर दिया जाता है । लेकिन योजना के कार्यान्वियन/विस्तार की प्रगति चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार नहीं हुई है जो मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों के पास वित्तीय तथा भौतिक साधन उपलब्ध न होने से आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था नहीं कर पाने के कारण है । यहां तक कि योजना के विस्तार का स्वयं प्रस्ताव करने वाली राज्य सरकार भी प्राय. कार्यक्रम का पालन नहीं कर पाई है । इसके बावजूद योजना के शीघ्र कार्यान्वियन/विस्तार की आवश्यकता पर समय-समय पर राज्य सरकारों पर जोर दिया जा रहा है । कुछ राज्य सरकार चिकित्सा देख-रेख पर व्यय की अधिकतम सीमा को भी अपर्याप्त बता रही हैं तथा योजना का आगे विस्तार शुरू करने से पहले इसको बढ़ाकर परिशोधित करने के लिए जोर दे रही है । अतः चिकित्सा देख-रेख पर व्यय की अधिकतम सीमा में वृद्धि का प्रश्न एक उप-समिति के समीक्षाधीन है तथा आशा है कि अधिकतम सीमा में वृद्धि हो जाने की स्थिति में योजना के विस्तार की गति काफी मात्रा में बढ़ जायेगी ।

1.8 आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु तथा उत्तर प्रदेश राज्य में 41 नये कार्यान्वित क्षेत्रों में लगभग 19,250 अतिरिक्त परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों, यानी लगभग 1,92,400 अतिरिक्त लाभाधिकारियों पर चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया गया । इसके ब्यौरे परिशिष्ट-1 भाग-क में दिये गए है । वर्ष के अन्त में चिकित्सा देख-रेख के अन्तर्गत आने वाले परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की कुल संख्या 68,50,300 यानी लगभग 2,57,59,200 लाभाधिकारी इसमें बीमाकृत व्यक्ति तथा उनके परिवार और स्थापनाओं के नये वर्गों के अन्तर्गत आने वाले व्यक्ति शामिल है।

2. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के संशोधन के प्रस्ताव

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम में संशोधनों पर उच्चाधिकार उपसमिति की रिपोर्ट तथा उस पर निगम के निर्णय श्रम मंत्रालय के विचाराधीन है । अक्तूबर, 1979 में श्रम मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा नियोजकों व कर्मचारियों के सभी केन्द्रीय संगठनों को उप-समिति की सिफारिशों के परिणामस्वरूप संशोधन के प्रस्ताव (कर्मचारी राज्य बीमा निगम की शक्तियों के प्रत्यायोजन तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना को केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से संबंधित सिफारिशों के अलावा) तथा संशोधन के अन्य प्रस्ताव उनके विचारों के लिये परिचालित किए थे । केन्द्रीय सरकार ने इन प्राधिकारियों/संगठनों से उनकी राय में आवश्यक होने वाले अन्य संशोधनों का सुझाव देने का भी अनुरोध किया था ।

3. अस्पताल में भर्ती

(1) चालू किए गए कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल तथा अनैक्सियां

(1) वर्ष के दौरान दो और कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल चालू किए गए जिनमें से एक 25 बिस्तर वाला अस्पताल 1-8-1979 से जे.के.पुर (उड़ीसा) में तथा दूसरा 60 बिस्तर वाला अस्पताल 29-11-79 से मंगलौर (कर्नाटक) में चालू किया गया । 19-1-80 को क. रा. बी. अस्पताल मूलाकुन्नाथकावु (केरल) में 10 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था की गई । इसके अलावा वर्ष के दौरान 6 अनैक्सियां, 24 बिस्तर वाली एक रामपुर (उत्तर प्रदेश) में 12 बिस्तर वाली एक मेरठ (उत्तर प्रदेश) में, 12 बिस्तर वाली एक सोनीपत (हरियाणा) में, 24 बिस्तर वाली एक मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में, 24 बिस्तर वाली एक मिरजापुर (उत्तर प्रदेश) में और 21 बिस्तर वाली एक शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश) में भी चालू की गई ।

इन संस्थानों में बनाए गए बिस्तरों की स्थिति निम्न प्रकार है :-

परियोजना का स्वरूप	परियोजनाओं की संख्या	बनाए गए बिस्तरों की संख्या सामान्य	क्षय रोग
अस्पताल	67	12722	1,380
अनैक्सियां	33	364	306
	जोड़	13,086	1,686
		—	14,772

इन अस्पतालों तथा अनैक्सियों के ब्यौरे परिशिष्ट-2 में दिए गए हैं।

(2) निर्माणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल तथा अनैक्सियां

31-3-1980 को निम्नलिखित कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, तथा अनैक्सियां निर्माणाधीन थीं :—

क्रम सं०	स्थान तथा राज्य	बिस्तरों की संख्या सामान्य	क्षय रोग
	अस्पताल :		
1.	गोहाटी (असम)	50	..
2.	फुलवारी शरीफ, पटना (बिहार)	50	..
3.	आदित्यपुर (बिहार)	50	..
4.	बड़ौदा (गुजरात)	200	..
5.	सूरत (गुजरात)	150	.
6.	कलोल (गुजरात)	50	..
7.	राजकोट (गुजरात)	50	
8.	मैसूर (कर्नाटक)	100	.
9.	इंदिरा नगर, बंगलोर (कर्नाटक)	300	..
10.	कांदीवली बम्बई (महाराष्ट्र)	650	..
11.	थाना (महाराष्ट्र)	632	.
12.	शोलापुर (महाराष्ट्र)	120	..
13.	वेलोर (तमिलनाडु)	50	.
14.	नैनी, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश)	100	
15.	आगरा (उत्तर प्रदेश)	100	.
16.	गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)	100	.
17.	लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	100	.
18.	सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)	50	..
19.	कल्याणपुर आसनसोल (पश्चिमी बंगाल)		150
20.	रणडेल (पश्चिमी बंगाल)		250
		जोड़ 2,902+400=3,302	

1	2	3
मंगलौर (मौजूदा अस्पताल में निर्माणाधीन विस्तार)		40
	जोड़	2,942+400=3,342

1 तिनसुखिया (असम)	20	..
2 गुलबर्गा (कर्नाटक)	20	.
3 रोबर्टसनपेट, के०जी०एफ० (कर्नाटक)	32	.
4 राजगंगपुर (उड़ीसा)	16	.
5. सीतापुर (उत्तर प्रदेश)	24	.
6 उन्नाव (उत्तर प्रदेश)	12	..
7. गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	24	.
8 इटावा (उत्तर प्रदेश)	12	.
जोड़	160	..

3 मंजूर शुदा अस्पताल तथा अनैक्सियां :

निम्नलिखित अस्पतालों तथा अनैक्सियों के नक्शे तथा प्राक्कलन मंजूर हो चुके है लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है :—

अस्पताल :

क्र० स० स्थान तथा राज्य	बिस्तरों की संख्या	
	सामान्य	क्षय रोग
1. राजामुण्डेरी (आन्ध्र प्रदेश)	50	..
2. रांची (बिहार)	50	..
3. कोटा (राजस्थान)	60	..
4. वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	50	..
5. ठाकुरपुकुर (पश्चिमी बंगाल)	250	..
जोड़	460	
पाण्डीनगर, कानपुर (मौजूदा अस्पताल में मंजूर किए गए बिस्तर)	100	.
कुल जोड़	560	

अनैक्सियां :

1. कोहलवेर (बिहार)	.	20
2 पिंजोर (हरियाणा)	12	.
जोड़		12+20=32

4 सिद्धान्त रूप में मान लिये गये अस्पताल

निम्नलिखित कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों का निर्माण सिद्धान्त रूप में मान लिया गया है। कुछ मामलों में भूमि का अर्जन/क्रय भी कर लिया गया है —

क्रम स० स्थान तथा राज्य		बिस्तरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4
1	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)	100	
2	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बिहार-शरीफ, पटना (बिहार)	50	
3	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सिमालसण्ला (बिहार)	50	
4	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल झिलमिल (दिल्ली)	200	भूमि खरीदी जा चुकी है।
5.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, दक्षिणी दिल्ली (दिल्ली)	200	भूमि खरीदी जा चुकी है।
6.	कर्मचारी राज्य बीमा क्षय रोग अस्पताल, दिल्ली (दिल्ली)	150	
7	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, भावनगर (गुजरात)	50	भूमि खरीदी जा चुकी है।
8	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, नदियाड़ (गुजरात)	50	
9	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पोरबंदर (गुजरात)	50	
10.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जामनगर (गुजरात)	50	
11.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पटलाद (गुजरात)	50	
12	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अहमदाबाद (गुजरात)	500	
13	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बल्लभगढ़ (हरियाणा)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
14.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बहादुरगढ़ (हरियाणा)	50	
15	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, गुड़गांव (हरियाणा)	50	
16.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, भिवानी (हरियाणा)	50	
17.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, दावनगर (कर्नाटक)	50	भूमि खरीदी जा चुकी है।
18	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, ठोटाड़ा (केरल)	50	भूमि खरीदी जा चुकी है।
19.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पालघाट (केरल)	50	
20.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, फीरोक (केरल)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
21.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, भोपाल (मध्य प्रदेश)	50	
22.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, कोल्हापुर (महाराष्ट्र)	100	
23.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
24.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, नासिक (महाराष्ट्र)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
25.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बिबेवाडी पूना (महाराष्ट्र)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
26.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, चिंचवाड, पूना (महाराष्ट्र)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
27.	कर्मचारी राज्य बीमा (क्षय रोग) अस्पताल लुधियाना (पंजाब)	100	
28	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मण्डी गोबिन्दगढ़ (पंजाब)	50	
29.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, फगवाड़ा (पंजाब)	50	

1	2	3	4
30.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सेलम (तमिलनाडु)	50	
31.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बरेली (उत्तर प्रदेश)	50	
32	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)	50	
33.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पिपरी (उत्तर प्रदेश)	50	
34.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, हरिद्वार (उत्तर प्रदेश)	50	
35.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर (उत्तर प्रदेश)	100	
36	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल श्याम नगर (पश्चिमी बंगाल)	250	भूमि खरीदी जा चुकी है।
37.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल गार्डन रीच (पश्चिमी बंगाल)	100	
38.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल दुर्गापुर (पश्चिमी बंगाल)	100	भूमि खरीदी जा चुकी है।
	जोड़	3550	

5. वर्ष के अन्त तक देश भर में 202 कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय (प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी के एक कार्यालय सहित) निगम के अपने भवनों में चल रहे थे। इनके अलावा वर्ष के अन्त तक सारे देश में 48 औषधालय (प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी के एक कार्यालय सहित) विभिन्न स्तर पर निर्माणाधीन थे तथा 9 कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों के नक्शे तथा प्राक्कलन मंजूर कर दिए गए हैं।

6. 31-3-80 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत पूंजीगत निर्माण कार्य के लिए मंजूर की गई राशि निम्न प्रकार है :—

परियोजनाओं का वर्ग	31-3-79 की स्थिति के अनुसार मंजूर की गई राशि	31-3-80 की स्थिति के अनुसार मंजूर की गई राशि
	(लाख रुपयों में)	
(क) अस्पताल/अनैक्सियां/औषधालय उपस्कर तथा स्टाफ क्वार्टर आदि	7733.65	8451.14
(ख) महाराष्ट्र सरकार को ऋण	362.15	362.15
(ग) सहायता अनुदान (एम. जी. एम. अस्पताल बम्बई)	100.00	100.00
(घ) निगम के कार्यालय भवन तथा स्टाफ क्वार्टर	748.26	799.15
जोड़	8944.06	9712.44

4. कर्मचारियों के परिवारों को चिकित्सा देख-रेख का स्वरूप

परिवार (कर्मचारी) एककों को प्रदान की गई चिकित्सा देख-रेख के स्वरूप के संबंध में राज्यवार स्थिति परिशिष्ट-3 में दी गई है।

समितियां, आयोग और सम्मेलन

5. निगम

4. कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 22 दिसम्बर, 1979 और 18 फरवरी, 1980 की दो बैठकें हुई। इन बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय परिशिष्ट-4 में दिए गए है।

6. स्थायी समिति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति की 28 मई, 1979, 15 सितम्बर 1979, 21 दिसम्बर, 1979 और 17 फरवरी, 1980 को चार बैठकें हुई। इन बैठकों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय परिशिष्ट 5 में दिए गए हैं।

7. चिकित्सा हितलाभ परिषद

चिकित्सा हितलाभ परिषद की 17-3-1980 को एक बैठक हुई। परिषद की महत्वपूर्ण सिफारिशें परिशिष्ट-6 में दी गई हैं।

8 क्षेत्रीय बोर्ड

वर्ष के अन्त तक 17 क्षेत्रीय बोर्डों का गठन हो गया था विभिन्न क्षेत्रीय बोर्डों की वर्ष के दौरान हुई बैठकों की संख्या नीचे दी गई है:

क्षेत्रीय बोर्ड का नाम	बैठकों की संख्या	बैठकों की तारीख
1. आन्ध्र प्रदेश	2	25-6-79 तथा 27-9-79
2. असम	--	--
3. बिहार	1	18-11-79
4. दिल्ली	1	11-2-79
5. गुजरात	1	8-11-79
6. हरियाणा	--	--
7. कर्नाटक	1	20 11-79
8. केरल	3	30-6-79, 29-9-79 तथा 31-3-80
9 मध्य प्रदेश	1	18-12-79
10. महाराष्ट्र	2	18-10-79 तथा 15-1-80
11. उड़ीसा	--	--
12. पंजाब	--	--
13. पांडिचेरी	2	9-5-79 तथा 28-2-80
14 राजस्थान	--	--
15. तमिलनाडु	--	--
16. उत्तर प्रदेश	2	11-5-79 तथा 11-9-79
17. पश्चिमी बंगाल	--	--

अधिकतर क्षेत्रीय बोर्डों ने विभिन्न कारणों से यथा निर्धारित बैठकें नहीं की। आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के विचार से सदस्य सचिवों से विशेष रूप से ध्यान देने को कहा गया है।

9. स्थानीय समितियां

कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 10-क के अधीन वर्ष के अन्त तक सारे देश में 207 स्थानीय सलाहकारों का गठन हो गया था।

10 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चिकित्सा सेवाएं और विनिधान समिति द्वारा किए गए कार्य के ब्यौरे निम्न प्रकार है :—

क्रम संख्या	राज्य का नाम	बैठकों की संख्या	सूची में शामिल किए गए मामलों में की संख्या	बकाया मामलों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	गुजरात	8	24	—
2	बृहत्तर बम्बई	अनुपलब्ध	166	111
3	पश्चिमी महाराष्ट्र	9	30	4
4	पंजाब	अनुपलब्ध	55	7
5.	पश्चिमी बंगाल	अनुपलब्ध	11	—

11. सामान्य प्रयोजन उप समिति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामान्य प्रयोजन उप-समिति ने 9 अक्तूबर, 1979 से 13 अक्तूबर 1979 तक मध्य प्रदेश राज्य का दौरा किया तथा राज्य में काम कर रही विभिन्न कर्मचारी राज्य बीमा संस्थाओं का निरीक्षण किया ।

प्रशासन

12. क्षेत्रीय संगठन

31 मार्च, 1980 की स्थिति के अनुसार सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में कुल मिलाकर 15 क्षेत्रीय कार्यालय, 2 उप क्षेत्रीय कार्यालय, 344 स्थानीय कार्यालय, 109 लघु स्थानीय कार्यालय, 1 उप स्थानीय कार्यालय और 237 भुगतान कार्यालय कार्य कर रहे थे ।

13. कर्मचारियों की संख्या

31 मार्च, 1980 को निगम में अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कुल प्राधिकृत संख्या, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय/कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल को छोड़कर, 10,334 थी जबकि 31 मार्च, 1979 को यह संख्या 9715 थी । 31 मार्च, 1980 को मुख्यालय तथा विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों की संख्या परिशिष्ट-7 (भाग-1) में दिखाई गई है। निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली तथा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल/कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, दिल्ली के कार्यालय के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों की संख्या परिशिष्ट-7 के भाग-2 में दिखाई गई है।

14. कर्मचारियों का स्थायीकरण

वर्ग "क" तथा "ख" के पदों पर अधिकारियों को स्थायी करने की कार्रवाई संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से की गई है । अधिकांश क्षेत्रों/कार्यालयों में स्थायी रूप से मंजूर पदों पर वर्ग "ग" तथा "घ" के कर्मचारियों को स्थायी कर दिया गया है । बाकी कार्यालयों में कर्मचारियों को स्थायी करने की कार्रवाई की जा रही है।

15. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व

सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए ऐसा आरक्षण किया जाता है जो केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के आधार पर समय समय पर निर्धारित किया जाये। निगम के कर्मचारियों की कुल संख्या तथा उनमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की संख्या, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से सीधी भर्ती से भिन्न भरी गई आरक्षित रिक्तियों की संख्या तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के सदस्यों से सीधी भर्ती द्वारा भरी गई रिक्तियों की संख्या से संबंधित सूचना क्रमशः परिशिष्ट-8 भाग 1, 2 तथा 3 में दी गई है।

16. कर्मचारी राज्य बीमा निगम में हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग

निगम के कार्यालयों में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग के लिये समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्रवाई की गई -

1 मुख्यालय में तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग की देखभाल मुख्यालय के हिन्दी अनुभाग द्वारा की जा रही है ।

2 सभी हिन्दी तथा अहिन्दी भाषी राज्यों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां पहले से ही कार्य कर रही है और हिन्दी कार्य की प्रगति का पुनरीक्षण करने तथा समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के कार्यान्वयन के लिए इन समितियों की नियमित बैठकें की जा रही हैं ।

3. विशेषकर हिन्दी भाषी राज्यों में काफी मात्रा में पत्र व्यवहार हिन्दी में किया जा रहा है तथा हिन्दी में प्राप्त अधिकांश पत्रों और कर्मचारियों से प्राप्त अपीलों अभिवेदनों आदि का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है ।

4. सभी हिन्दी भाषी राज्यों में टाइपराइटरों की आवश्यक व्यवस्था कर दी गई है । आवश्यकताओं का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जा रहा है । अहिन्दी भाषी राज्यों में स्थित प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के लिये भी कम से कम एक हिन्दी टाइपराइटर की व्यवस्था कर दी गई है।

5 अधिकांश फार्म द्विभाषी रूप में छपवा लिए गये हैं। नियम तथा नियम पुस्तकों आदि के अनुवाद के प्रबन्ध किये जा रहे है । कर्मचारी राज्य बीमा निगम (कर्मचारिवृन्द तथा सेवा की शर्तें) विनियम, 1959 तथा निगम के मुख्य तथा लघु लेखा शीर्षों की सूची के अनुवाद को अन्तिम रूप दिया जा चुका है तथा इन्हें द्विभाषी रूप में छपवाने की व्यवस्था की जा रही है । कर्मचारी राज्य बीमा निगम पेंशन नियम पुस्तक का अनुवाद भी किया जा चुका है तथा उसे अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

6 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 25 हिन्दी कार्यशालाओं, यानी मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में दो-दो, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर व बम्बई में तीन-तीन क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ में चार तथा क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर में आठ हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है । अब तक कुल मिलाकर 61 कार्यशाला चलाई गई हैं । अधिक हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन के प्रयास किये जा रहे है व अहिन्दी भाषी राज्यों में स्थित कार्यालयों को भी, यदि वे चाहे तो हिन्दी भाषी क्षेत्रों में आयोजित कार्यशालाओं के आधार पर हिन्दी कार्यशालायें चलाने की अनुमति दे दी गई है ।

7 विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी के कार्य के लिए आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था कर दी गई है।

8. इस विभाग का खुली तथा सीमित (विभागीय) भर्ती परीक्षाओं में निम्न श्रेणी लिपिकों की भर्ती परीक्षा तथा निम्न श्रेणी लिपिक से उच्च श्रेणी लिपिक की पदोन्नति परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रों को (अंग्रेजी के प्रश्नपत्र को छोड़कर) द्विभाषी रूप में छपवाने की व्यवस्था कर दी गई है । उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी में या हिन्दी में देने का विकल्प है ।

9 अब तक निगम के ग्यारह कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 (4) के अंतर्गत अधिसूचित किए जा चुके हैं जिसका अभिप्राय है कि इन कार्यालयों के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है ।

10. हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित कार्यालयों के साथ हिन्दी में पत्राचार में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

11. निगम के सांख्यिकीय सार, वार्षिक रिपोर्ट, अधिसूचनायें, बजट तथा वार्षिक लेखे द्विभाषी रूप में छपवाए जा रहे हैं । टेंडर नोटिस करार, लाइसेंस, परमिट आदि भी द्विभाषी रूप में जारी करने के प्रयास किए जा रहे है।

12 राजभाषा नियमों के उपबंधों का कार्यान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर चैक-पाइंट्स निर्धारित किए गए हैं । सामान्य आदेश अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों भाषाओं में जारी करने की व्यवस्था कर दी गई है ।

13 लगभग सभी रबड़ की मोहरें द्विभाषी रूप में अथवा हिन्दी तथा अंग्रेजी में अलग-अलग बनवा ली गई है ।

14 मुख्यालय में तथा हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवा पुस्तकों में प्रविष्टियां हिन्दी में की जा रही हैं।

15. हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों आदि को भेजे जाने वाले लिफाफों पर पते हिन्दी में लिखे जा रहे हैं।

16 निम्न श्रेणी लिपिक/उच्च श्रेणी लिपिक राजभाषा के प्रशिक्षण के लिए निगम के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भारत सरकार की राजभाषा नीति से संबंधित एक व्याख्यान दिया जाता है।

17. संगठन एवं पद्धति अध्ययन

वर्ष के दौरान संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने ग्रेड-I क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मानक तथा मानदण्ड पर कार्य-मापन रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया। यह अध्ययन नमूने के तौर पर 3 क्षेत्रीय कार्यालयों में किया गया था।

संगठन एवं पद्धति प्रभाग द्वारा किया गया दूसरा महत्वपूर्ण अध्ययन दिल्ली में पांच से अधिक डाक्टरों वाले कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों में लिपिक वर्गीय, पैरा मैडिकल तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए मानक तथा मानदण्ड से सम्बन्धित था। उपर्युक्त के साथ-साथ निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली में भी कार्यमापन अध्ययन किया गया।

अंशदानों को बट्टे खाते डालने के कारणों का पता लगाने तथा उन में सुधार के सुझाव देने के विचार से कुछ क्षेत्रों में पिछले तीन वर्ष में बट्टे खाते से संबंधित मामलों का चयन करके अंशदानों के बट्टे खाते डालने के बारे में केस अध्ययन किया गया।

निगम मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं तथा चिकित्सा प्रभाग के अधिकारियों का भी कार्यमापन अध्ययन किया गया।

निगम कार्यालयों में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न फार्मों को युक्तिसंगत तथा मानक बनाने के विचार से श्रम मंत्रालय की इच्छानुसार निगम मुख्यालय में एक फार्म पुनरीक्षण तथा नियंत्रण एकक स्थापित किया गया। वर्ष के दौरान समिति ने 171 कूटबद्ध फार्मों का पुनरीक्षण किया।

संगठन एवं पद्धति प्रभाग ने नकद प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के लिए मानक तथा मानदण्ड तैयार करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली में अंशदान एकत्र करने की नकद प्रणाली का अध्ययन किया। एक कार्यविधि संबंधी अध्ययन भी किया गया तथा परिशोधित कार्यविधि का सुझाव दिया गया।

उपर्युक्त के अलावा दिल्ली, राजस्थान, कर्नाटक तथा आन्ध्र प्रदेश क्षेत्रों में नकद अंशदान प्रणाली का एक मूल्यांकन अध्ययन किया गया। इन अध्ययन के परिणामस्वरूप यह पाया गया कि अंशदान एकत्र करने की नकद प्रणाली संतोषजनक रूप में कार्य कर रही है। अतः यह निर्णय किया गया कि इस प्रणाली का विस्तार एक चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार सभी अन्य राज्यों में किया जाये।

18. सुझाव पुरस्कार योजना

सुझाव पुरस्कार योजना के अधीन सुझावों की समीक्षा करने के लिए बनाई गई केन्द्रीय समिति ने विभिन्न सुझावों पर विचार किया तथा स्थानीय कार्यालय प्रबन्धक, कुरीजी को फार्म 6 (विनियम 26 के अन्तर्गत अंशदान कार्ड विवरणी) के परिवर्तन का सुझाव को प्रस्तुत करने में स्थानीय कार्यालय के टीम के रूप में कार्यचालन के दृष्टिकोण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

19. अधिकारियों तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान तथा नई दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई और बंगलौर में स्थापित किये गये चार मण्डलीय संस्थानों ने निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिये नियमित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाये। केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान ने स्थानीय कार्यालय प्रबन्धकों तथा बीमा निरीक्षकों के लिए बम्बई, बंगलौर, कलकत्ता दिल्ली तथा जयपुर में 6 अभिविन्यास (ओरिएन्टेशन) प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 118 अधिकारियों ने भाग लिया। इन पाठ्यक्रमों में प्राय 4 या 5 नजदीकी क्षेत्रों के फील्ड अधिकारी भाग लेते हैं और इनमें भाग लेने वाले अधिकारियों के ज्ञान को अद्यतन करने के अलावा स्वतन्त्र विचार विमर्श तथा समस्या समाधान सत्रों के आधार की व्यवस्था की गई।

नवम्बर, 1979 में निगम के मध्य प्रबन्ध स्तर के अधिकारियों के लिए नई दिल्ली में एक "सेवाकालीन" अभिविन्यास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 20 उप-क्षेत्रीय निदेशकों/लेखा अधिकारियों/सहायक क्षेत्रीय निदेशकों आदि ने भाग लिया। इसमें कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत कार्यविधियों तथा संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श करने के अलावा अधिकारियों को कुछ आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों तथा सतर्कता पद्धति पर भी व्याख्यान दिये गये।

पहली बार बीमा चिकित्सा अधिकारियों के लिए 2 अल्पकालिक "सेवा कालीन" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए गए जिनमें से एक पाठ्यक्रम अप्रैल, 1979 में तथा दूसरा पाठ्यक्रम फरवरी, 1980 में क्रमशः नई दिल्ली तथा इन्दौर में चलाया गया जिनमें 70 बीमा चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।

निम्न श्रेणी लिपिकों/उच्च श्रेणी लिपिक/खजांचियों/प्रभारी उच्च श्रेणी लिपिकों/प्रधान लिपिकों के लिये विभिन्न केन्द्रों पर 16 "सेवाकालीन" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गए जिनमें 306 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। निम्न श्रेणी लिपिकों के लिए मण्डलीय प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा आठ "प्रारम्भिक" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 167 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा, विभिन्न केन्द्रों पर 28 विशेष "संक्षिप्त प्रारम्भिक" प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 615 नये भर्ती किए गए निम्न श्रेणी लिपिकों ने भाग लिया।

जहां कहीं अंशदान की नकद अदायगी प्रणाली लागू की जा रही है, हमारे प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा एक या दो दिन की अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान श्रमिक विद्यापीठ दिल्ली के सहयोग से निगम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यकलापों का विस्तार किया गया। विद्यापीठ द्वारा एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम डुप्लिकेटिंग मशीन आपरेटरों के लिए तथा एक पाठ्यक्रम चपरासी/संदेशवाहकों के लिए आयोजित किया गया था जिनमें निगम के 9 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भाग लिया। समीक्षाधीन वर्ष में कुल मिलाकर निगम ने 1324 अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने और 70 बीमा चिकित्सा अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नियोजकों के स्टाफ को प्रशिक्षण

हाल ही में तमिलनाडु में लागू की गई अंशदान की नकद अदायगी की नई प्रणाली में आसानी से बदलने तथा नियोजकों को उसे समझने में सहायता करने के लिए मार्च, 1980 में मद्रास, कोयम्बतूर तथा मदुरै में 9 अर्ध-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए थे जिनमें नियोजकों के 1,143 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

20. प्रचार

प्रैस, रेडियो तथा टेलिविजन के माध्यम से योजना का प्रचार किया गया और योजना की प्रगति तथा उपलब्धियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। आकाशवाणी के विभिन्न स्टेशनों से योजना पर वार्ताएं प्रसारित की गई। विभिन्न केन्द्रों पर निगम के अधिकारियों ने कामगारों तथा प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किए। शिक्षाप्रद प्रचार के भाग के रूप में "आप और आपकी योजना" नामक पुस्तिका का वितरण किया गया जो विशेष तौर पर बीमाकृत व्यक्तियों को उनके अधिकार तथा दायित्व और हितलाभों को दावा करने की कार्य विधि का ज्ञान कराती है। योजना तथा नकद व चिकित्सा हितलाभों के बारे में पैम्फलेट परिशोधित करके उन्हें अद्यतन किया गया तथा वे अब छपवाये जा रहे हैं। भारत सरकार के सूचना एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के फिल्म डिवीजन की सहायता से "कामगारों की सुरक्षा" नामक कर्मचारी राज्य

बीमा योजना पर वृत्त चित्र का निर्माण पूरा किया गया तथा वर्ष के दौरान फिल्म जन साधारण को दिखाने के लिए रिलीज की गई । कामगारो में विशेष प्रचार के लिए फिल्म के अतिरिक्त प्रिंट निगम के इस्तेमाल के लिये प्राप्त किए जा रहे हैं ।

21. **विस्तार क्षेत्र**

योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए कर्मचारियों आदि की संख्या (परिशिष्ट 9 तथा 10)

परिशिष्ट 9 तथा 10 में योजना के विस्तार क्षेत्र संबंधी ब्यौरे (रोजगार के अतिरिक्त क्षेत्रों को मिलाकर) दिए गए हैं । 31-3-80 को योजना के अन्तर्गत 67,807 नियोजक शामिल थे जबकि एक वर्ष पहले इसमें 61,726 नियोजक थे । इसमें से 64,600 नियोजक कार्यान्वित केन्द्रो में थे । पिछले वर्ष तदनुरूपी संख्या 50,054 थी । शेष 3207 नियोजक अभी कार्यान्वित किए जाने वाले क्षेत्रों में थे । कार्यान्वित केन्द्रो में कर्मचारियों की कुल संख्या 59.83 लाख थी । अभी कार्यान्वित किए जाने वाले क्षेत्रों में कर्मचारियों की संख्या 8.58 लाख थी । डाक्टरी इलाज के लिए हकदार बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या 68.50 लाख तथा परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की संख्या 6,850 लाख थी । कुल मिलाकर 31-3-80 को डाक्टरी इलाज के लिए हकदार लाभाधिकारियों की कुल संख्या (बीमाकृत व्यक्तियों को मिलाकर) लगभग 265.78 लाख थी ।

22. **चिकित्सा देख-रेख के स्तर में सुधार**

अंतरंग रोगियों के इलाज के लिए अस्पतालों में बिस्तरों की व्यवस्था :— 1979-80 वर्ष के दौरान निम्नलिखित कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/ अनैक्सियों में 778 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था की गई ।

1. क० रा० बी० अस्पताल, नरोदा अहमदाबाद (गुजरात)	25
2. क० रा० बी० अस्पताल, मंगलौर (कर्नाटक)	64*
3. क० रा० बी० अस्पताल, मुलुन्द (बम्बई)	50
4 क० रा० बी० अस्पताल, अंधेरी (बम्बई)	50
5 क० रा० बी० अस्पताल, वाशी (बम्बई)	200
6. क० रा० बी० अस्पताल, जे० के० पुर (उड़ीसा)	25*
7. क० रा० बी० अस्पताल, सेरामपुर (पश्चिमी बंगाल)	50
8. क० रा० बी० अस्पताल, उलुबेरिया (पश्चिमी बंगाल)	50
9 क० रा० बी० अस्पताल, मानिकटोला (पश्चिमी बंगाल)	100
10 क० रा० बी० अनैक्सी, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)	24*
11. क० रा० बी० अनैक्सी, सीतापुर (उत्तर प्रदेश)	24*
12 क० रा० बी० अनैक्सी, कानपुर (उत्तर प्रदेश)	24*
13. क० रा० बी० अनैक्सी, उन्नाव (उत्तर प्रदेश)	12*
14. क० रा० बी० अनैक्सी, इटावा (उत्तर प्रदेश)	12*
15. क० रा० बी० अनैक्सी, शिकोहाबाद (उत्तर प्रदेश)	24*
16 क० रा० बी० अनैक्सी, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)	24*
17. क० रा० बी० अनैक्सी, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)	24*

31-3-1980 तक की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत कुल 18,512** बिस्तरों की व्यवस्था की गई जिसका ब्यौरा परिशिष्ट 11 में दिया गया है ।

*नये चालू किए गए अस्पताल/अनैक्सियां ।

**"कर्मचारी राज्य बीमा निगम" एक नजर मे, विवरण मे बिस्तरो की कुल संख्या 19,537 है । यह अन्तर कुछेक निर्मित बिस्तरों के चालू न होने के कारण है ।

23. **समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भरे हुए बिस्तरों की प्रतिशतता और प्रतिदिन प्रति बिस्तर औसत आवर्ती लागत निम्न प्रकार थी ।**

क्रम संख्या	अस्पताल का नाम	व्यवस्था किए गए बिस्तरों की संख्या				1979-80 वर्ष में भरे हुए बिस्तरों की प्रतिशतता	1979-80 वर्ष में प्रतिदिन प्रति बिस्तर लागत
		सामान्य	प्रसूति	क्षय रोग	जोड़		
1	2	3	4	5	6	7	8
आन्ध्र प्रदेश							
1.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सानथनगर, हैदराबाद	235	45	30	310	75 %	45.00
2.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सीरपुर, कागजनगर	60	—	—	60	72 %	52.30
3.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, विजयवाड़ा	94	—	16	110	78 %	50.16
4.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, वारंगल	40	—	10	50	90 %	48.79
5	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अडोनी	40	10	—	50	86 %	44.68
6.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, विशाखापट्नम	99	2	9	110	91 %	57.50
बिहार							
7	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मैथोन	100	—	—	100	79 %	27.89
8.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मुंगेर	30	—	—	30	57 %	28.37
9.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, डालमियानगर	50	—	—	50	68 %	30.03
दिल्ली							
10.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बसई दारापुर	324	76	—	400	90 %	69.72(X)
गुजरात							
11.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बापूनगर, अहमदाबाद	500	—	—	500	91 %	48.45
12.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, नरोदा, अहमदाबाद	—	—	225	225	78 %	28.75

1	2	3	4	5	6	7	8
हरियाणा							
13.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, फरीदाबाद ।	188	—	12	200	82%	32.11
14.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जगाधरी ।	13	—	47	60	58 %X	46.04
15.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पानीपत ।	15	—	35	50	81%	45.00
कर्नाटक							
16.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, राजाजीनगर बंगलौर ।	335	35	44	414	145%	36.22
17.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, डाण्डेली ।	24	—	—	24	125%	20.60
18.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मंगलौर ।	60	—	—	60	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
केरल							
19	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मुलाकुनाठाकावु (त्रिचूर जिला) ।	—	—	110	110	86%	20.44
20.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अलराम्म (क्विलोन जिला) ।	97	22	—	119	115%	70.49
21.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अलैप्पी ।	51	4	—	55	98%	33.23
22.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, परूरकाडा (त्रिवेन्द्रम जिला) ।	63	12	—	75	125%	23.54
23.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, ओलारीकाडा (त्रिचूर) ।	84	6	—	90	71%	20.33
24.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, उद्योग मंडल । (जिला अरनाकुलम) ।	130	25	—	155	47%	32.33
25.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अरनाकुलम ।	55	10	—	65	75%	32.31
26.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, वाडाक्कुर ।	59	6	—	65	66%	31.48
27.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पारीपल्ली ।	100	—	—	100	123%	21.50
28.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, एजूकोन ।	100	—	—	100	109%	22.12
मध्य प्रदेश							
29.	कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) अस्पताल, इन्दौर ।	136	20	—	156	73%	30.96
30.	कर्मचारी राज्य बीमा (चैस्ट) अस्पताल, इन्दौर ।	—	—	52 ×	52	100%	21.92
31.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, उज्जैन ।	65	—	—	65	107%	19.00
32	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, ग्वालियर ।	75	—	—	75(क)	97%	29.27
महाराष्ट्र							
33.	एम० जी० एम० अस्पताल, बम्बई ।	668	17	15	700	94%	73.90(X)
34.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मुलुन्द, बम्बई ।	505	145	—	650	98%	58 88
35.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, वोरली, बम्बई ।	435	60	5	500	81%	59.00
36.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, उल्हास नगर, बम्बई ।	80	20	—	100	93%	68.58(X)
37.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अंधेरी, बम्बई ।	540	100	10	650	67%	64.35
38.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, वाशी, बम्बई ।	—	—	600	600	69%	41.87
39	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, नागपुर	170	30	—	200	87%	55.68
40.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, आन्ध्र पूना ।	175	25	120	320	85%	48.00
उड़ीसा							
41.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, चौद्वार ।	44	6	—	50	110%	42.30
42.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, कन्सावहल	47	3	—	50	70%	52.86
43	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बृजराज नगर ।	22	3	—	25	60%	79.36(X)
44.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जे० के० पुर ।	20	5	—	25	12%	388.668(?)
पांडिचेरी							
45.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पांडिचेरी ।	50	—	—	50	80%	64.37(X)
46	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, अमृतसर ।	80	20	—	100(ख)	90%	73.75(X)

1	2	3	4	5	6	7	8
47	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, लुधियाना ।	80	20	—	100	82%	25 25
48.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जलधर ।	80	20	—	100	—	14 00
	राजस्थान						
49	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, जयपुर ।	108	29	—	137	91%	42.60
	तमिलनाडु						
50	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मद्रास ।	486	100	39	625	66%	48 20
51	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल कोयम्बटूर ।	370	100	30	500	75%	35.63
52	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मदुरै ।	110	50	12	202	77%	54 63
53.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, के० के० नगर मद्रास ।	140	40	26	206	50%	40 45
	उत्तर प्रदेश						
54.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, पांडुनगर, कानपुर ।	212	—	—	212	103%	20.92
55	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, (चेस्ट) आजाद नगर, कानपुर ।	—	—	180	180	77%	14 72
56	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, (प्रसूति तथा सामान्य) कानपुर ।	104	10	—	144	139%	43 49
57	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मोतीनगर ।	76	21	—	100	113%	17 80
	पश्चिमी बंगाल						
58	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, स्यालदाह ।	212	18	—	240(ग)	79%	46.80
59.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, कुमारहटी ।	172	4	—	176	100%	36 23
60	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बाल्टीकुरी ।	274	36	—	300(घ)	80%	37.64
61	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, सेरामपुर ।	216	—	—	216	72%	36.76
62.	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, कल्याणी ।	250	—	—	250(ङ)	59% ×	49 11
63	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, उलूबेरिया ।	216	—	—	216	77%	27 93
64	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, बलूरबल्ली ।	—	—	150	150	96%	34.86
65	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, गोरहटटी ।	216	—	—	216	90%	29.78
66	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल बजबज ।	210	20	—	230(च)	69%	27.46
67	कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल, मानिकटोला ।	150	—	—	150	75%	69.87(X

(क) मंजूर किए गए 100 बिस्तरों में से 65 बिस्तर चालू किए गए है ।

(ख) मंजूर किए गए 125 बिस्तरों में से 100 बिस्तर चालू किए गए है ।

(ग) मंजूर किए गए 250 बिस्तरों में से 230 बिस्तर चालू किए गए है ।

(घ) मंजूर किए गए 416 बिस्तरों में से 300 बिस्तर चालू किए गए है ।

(ङ) मंजूर किए गए 266 बिस्तरों में से 250 बिस्तर चालू किए गए है ।

(च) मंजूर किए गए 300 बिस्तरों में से 230 बिस्तर चालू किए गए है ।

(×) जिन अस्पतालों में कम बिस्तर चालू है उनके बारे में राज्य सरकार से प्रार्थना की गई है कि वे मामले को देखें ।

(X) प्रति बिस्तर प्रति दिन लागत अधिक है । राज्य सरकार से प्रार्थना की गई है कि वे मामले को देखें ।

(?) 1-8-79 को चालू किया गया । एक्सरे मशीन की लागत भी कुल व्यय में शामिल कर ली गई है ।

24 31-3-80 की स्थिति के अनुसार औषधालयों, विशेषज्ञों, बीमा चिकित्सा अधिकारियों/बीमा चिकित्सा व्यवसायियों और एम्बुलेंस संबंधी ब्यौरे परिशिष्ट-11 में दिए गए है ।

बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कृत्रिम अंग लगाने की व्यवस्था ।

25 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 33 मामलों में (27 बीमाकृत व्यक्ति तथा परिवार के सदस्य) कृत्रिम अंग लगाये गए । कुल मिलाकर अब तक कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 1026 मामलों में (1020 बीमाकृत व्यक्ति तथा 6 परिवार के सदस्य) कृत्रिम अंग लगाये गए या दोबारा लगाये गए ।

बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को कृत्रिम दांतों की व्यवस्था ।

25 1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 29 मामलों में (28 बीमाकृत व्यक्ति तथा एक परिवार का सदस्य) निःशुल्क दांत लगाये गए । कुल मिलाकर अब तक कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 103 मामलों में (102 बीमाकृत व्यक्ति तथा 1 परिवार का सदस्य) कृत्रिम दांत लगाये गए ।

बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को चश्मों की व्यवस्था ।

25.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 3,999 मामलों में (2981 बीमाकृत व्यक्ति तथा 18 परिवार के सदस्य) कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत निःशुल्क चश्मे लगाए गए ।

परिवार कल्याण कार्यकलाप

26 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने परिवार कल्याण के लिए शिक्षा, अभिप्रेरण तथा सेवाओं की व्यवस्था के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा योजना में वृद्धि के लिये अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रायोजित तथा जन संख्या कार्यकलापों के लिये अन्तर्राष्ट्रीय निधि (अनफपा) द्वारा दी गई निधियों से वर्ष 1976 में परियोजना संख्या आई० एन० डी/674/पी० ओ० 2 को चलाने की जिम्मेदारी ली थी । उक्त परियोजना आरम्भ में 31-12-78 को समाप्त 3 वर्ष की अवधि के लिए मंजूर की गई थी । त्रिपक्षीय पुनरीक्षण समिति की दिनांक 25-9-1978 को हुई बैठक में इसके कार्य पुनरीक्षण तथा इसके द्वारा

की गई प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए इसके कार्यकलापों को अगले वर्ष, यानी 31-12-1979 तक के लिये बढ़ा दिया गया था और इसके बाद तीन माह यानी 31-3-1980 तक की अगली अवधि के लिये बढ़ा दिया गया था।

1979-80 वर्ष के दौरान परिवार कल्याण परियोजना की उपलब्धियां निम्न प्रकार है :—

1. नसबन्दी	2333
2. नलीबन्दी	12663
3. कुल बन्ध्यकरण	14996
4. अन्तःगर्भाशय साधन	4169
5. गर्भावस्था को चिकित्सा द्वारा समाप्त करना	3458
6 जारी किये गये निरोध	9,75,216
7 बांटी गई खाने की गोलियां	72,688
8. समकक्ष बन्ध्यकरण	17,429

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत प्रतिरक्षण कार्यक्रम

27 कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत अखिल भारतीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम 14 नवम्बर, 1973 को आरंभ किया गया था। योजना के प्रभारी प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों से "अंतर्राष्ट्रीय बाल वर्ष 1979-80" के दौरान बाल रोगों से बचाव की व्यवस्था के लिये इस कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देने का निवेदन किया गया था। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान देश भर में योजना के अन्तर्गत लाभाधिकारियों को 8 50 लाख से अधिक टीके/सेरा आदि की खुराकें दी गई जिससे वर्ष के अंत में दी गई खुराकों की संख्या कुल मिलाकर 31. 50 लाख हो गई।

चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था

28. औषधालयों तथा अस्पतालों में उपस्थिति तथा घर जाकर इलाज करना (परिशिष्ट 12 तथा 13)।

28.1 (क) प्रतिवर्ष प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति और प्रति 1000 परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एकक उपस्थिति (ख) बीमाकृत व्यक्तियों और परिवारों का घर जाकर इलाज करने और (ग) (1) अस्पताल में दाखिल किये गये और (2) विशेषज्ञ के पास जांच के लिये भेजे गये बीमाकृत व्यक्तियों के मामलों की संख्या से संबंधित आंकड़े इस परिशिष्टों में दिये गये है। ये आंकड़े मुख्य रूप से औषधालयों तथा पैनल डाक्टरों द्वारा भेजी गई विवरणियों पर आधारित है। चिकित्सा उपस्थितियों की दर का हिसाब लगाने के लिये केवल रिपोर्ट भेजने वाले औषधालयों/क्लीनिकों से संबंद्ध बीमाकृत व्यक्तियों/परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों की संख्या को "दिखलाया गया" माना गया है।

28 2 समीक्षाधीन वर्ष मे प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति नई उपस्थितियों की अखिल भारतीय दर 1978-79 की तुलना मे 2970 से घटकर 2867 रह गई। प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति पुरानी उपस्थितियों की संख्या भी 1978-79 की तुलना मे 6856 से घटकर 5893 रह गई। इस वर्ष नई उपस्थितियों की तुलना मे पुरानी उपस्थितियों का अनुपात 2 06 रहा जबकि 1978-79 में यह अनुपात 2 31 था।

28. 3 प्रति 1000 परिवार एकक नई उपस्थितियो की अखिल भारतीय दर 1978-79 की तुलना मे 3476 से घटकर 3245 रह गई। प्रति 1000 परिवार एकक पुरानी उपस्थितियों की संख्या भी 1978-79 की तुलना में 6818 से घटकर 6286 रह गई। नई उपस्थिति की तुलना में पुरानी उपस्थिति का अनुपात 1978-79 मे 1.96 था जो 1979-80 में घटकर 1.94 रह गया।

28 4 बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध मे घर जाकर इलाज करने की संख्या 1978-79 की तुलना में 14. 24 प्रतिशत घट गई है। लेकिन परिवारों के संबंध मे लगभग 7. 86 प्रतिशत की कमी हुई है। प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति विजिटों की संख्या के अनुसार घर जाकर इलाज करने की घटना मे कमी हुई है। ये घटनाएं 1978-79 में 55 थी जो 1979-80 में घटकर 45 रह गई है।

28. 5 अस्पतालों में दाखिल किये गये मामलों की कुल संख्या में कमी हुई है। ये मामले 1978-79 में 3,49,023 थे जो कि 1979-80 में घटकर 3,14,539 रह गये हैं। विशेषज्ञों के पास जांच के लिये भेजे गये मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। ये मामले 1978-79 में 14,27,617 थे जो 1979-80 में बढ़कर 14,28,381 हो गए हैं।

बीमारी प्रतिरूप (परिशिष्ट—14)

29.1 दिखलाए गए प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति नए मामलों की संख्या के रूप में व्यक्त की गई संपूर्ण देश के लिये बीमारी प्रतिरूप की सूचना 51 कारण समूहों में से प्रत्येक की बाबत बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों के लिये अलग-अलग इस परिशिष्ट मे दिखाई गई है।

29.2 सभी कारण समूहों को मिलाकर घटना दरें 1978-79 की तुलना में 1979-80 में बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में तथा उनके परिवारों के संबंध में भी कम है। बीमाकृत व्यक्तियों से संबंधित प्रत्येक अवधि में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के संबंध मे इस वर्ष 1 132 नई अवधियां रही है जबकि 1978-79 वर्ष में ये 1.170 थी। यदि यह बात ध्यान में रखी जाये कि एक बीमाकृत व्यक्ति की तुलना मे 2 88 परिवार सदस्य हैं तो नये मामलों की घटनाओं के अनुसार अस्वस्थता की घटनाएं बीमाकृत व्यक्तियों की तुलना मे बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के संबंध में अधिक रही है।

29 3 बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध मे बीमारी के कारण समूहवार घटना सूची में दी गई लगभग सभी बीमारियो के लिये बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यो मे संबंधित तदनुरूपी दरों से काफी कुछ मिलती हैं। लेकिन कुछ कारण समूहों में घटना में बहुत अंतर से यह पता चलता है कि कुछ ऐसे विशिष्ट रोगों में अधिक इलाज की तो आवश्यकता होती है जो किसी विशेष समूह (यानी बीमाकृत व्यक्ति या परिवार) की अपेक्षाकृत आमानी से हो जाते है।

30. चिकित्सा निदेशी

वर्ष के अन्त में अलग-अलग राज्यों मे तैनात पूर्ण-कालिक और अंशकालिक चिकित्सा निर्देशियों और उनके द्वारा निपटाये गए मामलों की संख्या का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:—

क्रम संख्या	राज्य का नाम	चिकित्सा निदेशियों की संख्या		1979-80 वर्ष में निपटाए गए मामलों की संख्या
		अंशकालिक	पूर्णकालिक	
1	2	3	4	5
1	आन्ध्र प्रदेश	9	—	11286
2.	असम	5	—	560
3.	बिहार	11	—	9791
4.	चंडीगढ़ प्रशासन	1	—	35
5.	दिल्ली	—	2	19245
6	गोआ	1	—	146

1	2	3	4	5
7.	गुजरात	11	3	51470
8.	हरियाणा	9	—	4249
9.	कर्नाटक	17	—	10328
10.	केरल	7	1	10208
11.	मध्य प्रदेश	10	—	11963
12.	महाराष्ट्र			
	(क) ग्रेटर बम्बई	6	4	23466
	(ख) नागपुर क्षेत्र	7	—	4294*
	(ग) पश्चिमी महाराष्ट्र	7	1	10894
13.	उड़ीसा	9	—	2262
14.	पांडिचेरी	1	—	3036
15.	पंजाब	14	—	2862
16.	राजस्थान	13	—	4786
17.	तमिलनाडु	3	2	117792
18.	उत्तर प्रदेश	26	1	**
19.	पश्चिमी बंगाल	6	7	31648
	जोड़	173	21	330311

* केवल 5 चिकित्सा निर्देशियों के संबंध में आंकड़े प्राप्त हुए हैं।

** 1979-80 वर्ष के आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

31. चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च—राज्य सरकारों को प्राधिकृत अदायगियां

समीक्षाधीन वर्ष में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था पर खर्च के अपने शेयर के रूप में निगम द्वारा राज्य सरकारों को अदायगी करने के लिए 60,23,42,106.57 रुपये की धनराशि प्राधिकृत की गई। उपर्युक्त राशि के ब्यौरे इस प्रकार है :—

	रुपये
1967-68 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	58,139.22
1971-72 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	2,98,645.00
1973-74 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	12,39,323.11
1974-75 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	47,70,506.28
1975-76 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	1,07,29,545.14
1976-77 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	1,54,49,959.50
1977-78 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	2,30,55,847.42
1978-79 वर्ष के लिए लेखागत अदायगी	7,16,63,000.00
1978-79 वर्ष के लिए अन्तिम अदायगी	+5,32,59,140.90
	7,49,22,140.90
1979-80 वर्ष के लिए लेखागत अदायगी	47,18,18,000.00
जोड़	60,23,42,106.57

32. चिकित्सा देख रेख के खर्च पर नियंत्रण के उपाय

समीक्षाधीन वर्ष में निगम ने 500 से अधिक दवाइयों, इन्जैक्शनों तथा औषधियों के लिये औषध निर्माताओं के साथ दर ठेके किए। दर ठेके राज्य सरकारों को अमल में लाने के लिये सूचित कर दिये गए हैं।

33. दिल्ली में आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में सुविधाओं की व्यवस्था

दिल्ली (चिकित्सा) योजना के लिए स्वीकृत 2 आयुर्वेदिक औषधालय इस समय मौजूदा कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के जी-2 तथा एन आई० ए० भवनों में स्थित हैं।

34. स्थानीय कार्यालयों के कार्यचालन में कार्यकुशलता

समीक्षाधीन वर्ष में देश भर में 440 स्थानीय कार्यालयों (लघु स्थानीय कार्यालयों सहित) में से 379 स्थानीय कार्यालयों में खाता प्रणाली कार्य कर रही थी। 47 स्थानीय कार्यालयों में टेलर प्रणाली प्रयोग के तौर पर काम कर रही थी।

35. नकद हितलाभों में सुधार

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने दिनांक 22 दिसम्बर, 1979 को हुई अपनी बैठक में बीमाकृत व्यक्तियों को कृत्रिम अंग केन्द्र में अंग जड़वाने या मरम्मत करवाने या बदलवाने के लिए दाखिल रहने वाले प्रत्येक दिन के लिए मानक हितलाभ दर पर पुनर्वास भत्ता देने का संकल्प स्वीकार किया। पुनर्वास भत्ते का यह हितलाभ 1 जनवरी, 1980 से देय है।

36. अन्य सुधार

36.1 कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने दिनांक 22 दिसम्बर, 1979 को हुई अपनी बैठक में संकल्प किया है कि 16 जुलाई, 1976 को हुई निगम की बैठक में स्वीकार किये गये संकल्प के अनुसरण में नसबन्दी, नलीबन्दी आपरेशन कराने के लिए बीमाकृत व्यक्तियों को देय बीमारी हितलाभ उक्त संकल्प में निर्दिष्ट मान पर तथा शर्तों के अधीन स्थायी आधार पर इस परिवर्तन के साथ दिया जाता रहेगा कि नसबंदी/नलीबंदी आपरेशन कराने के लिए बीमारी हितलाभ की अदायगी से संबंधित दिनों की संख्या 1.5.77 से बीमाकृत व्यक्ति को देय 91 दिन के साधारण बीमारी हितलाभ के अलावा होगी।

36.2 कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति ने दिनांक 17 फरवरी, 1980 को हुई अपनी बैठक में अन्य नकद हितलाभों की तरह निगम के खर्च पर मनीआर्डर द्वारा अस्थेष्टि हितलाभ की अदायगी की सुविधा का विस्तार करने का अनुमोदन कर दिया है।

36.3 मूल्यांकक ने 31 मार्च, 1974 की स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पांचवें पंचवार्षिक मूल्यांकन पर अपनी रिपोर्ट में रूपांतरण के मामले में स्थायी अपंगता हितलाभ के पूंजीकृत मूल्य की गणना करने के लिए निगम द्वारा इस्तेमाल की जा रही रूपांतरण तालिका के परिशोधन की सिफारिश की। इस प्रयोजन के लिए मूल्यांकन ने अपनी सिफारिशों का आधार वर्तमान मृत्यु-दर तथा स्थायी

अपंगता हितलाभ के लिए मूल्यांकन आधार यानी .0025 द्वारा निकाली गई मृत्यु दर जीवन बीमा निगम (1961-64) यू० एल० टी० और 6 प्रतिशत ब्याज दर को बनाया है। निगम के तदनरूपी कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 76-ग की अनुसूची 3 के अन्तर्गत मौजूदा रूपांतरण तालिका को परिशोधित किया है। रूपान्तरण तालिका के उपर्युक्त परिशोधन से बीमाकृत व्यक्तियों को स्थायी अपंगता हितलाभ के रूपांतरण मूल्य की राशि बढ़ गई है।

नकद हितलाभ

(परिशिष्ट 16 से 18)

37. नकद हितलाभ अदायगियों की संख्या (परिशिष्ट 16 का कालम 4)

37.1 नकद हितलाभों की अदायगी निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए स्थानीय/लघु/उप-स्थानीय/भुगतान कार्यालयों में की जाती है। 31 मार्च, 1980 को इस प्रकार के कार्यालयों की संख्या 691 थी जबकि एक वर्ष पहले इनकी संख्या 684 थी।

37.2 1978-79 तथा 1979-80 वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में की गई नकद हितलाभ अदायगियों की कुल संख्या कालम 4 में दिखाई गई है। 1979-80 वर्ष के दौरान कुल मिलाकर लगभग 85.47 लाख अदायगियां (स्थायी अपंगता दावों के रूपान्तरण के आवेदनों से संबंधित एकमुश्त अदायगियों के 10,477 दावों सहित) की गई। ये अदायगियां पिछले वर्ष की अदायगियों से लगभग 6.00 लाख अधिक थीं। औसत के रूप में प्रत्येक मास लगभग 7.12 लाख अदायगियां की गई जबकि 1978-79 वर्ष में 6.62 लाख अदायगियां की गई थीं। प्रति कर्मचारी अदायगियों की संख्या 1978-79 वर्ष में 1.43 थी जो 1979-80 वर्ष में बढ़कर 1.48 हो गई है।

38. बीमारी हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 3 तथा 6 से 8)

38.1 1 जुलाई, 1978 तथा 30 जून, 1979 के बीच नए केन्द्रों में तथा रोजगार के नए क्षेत्रों पर योजना के हितलाभ उपबन्धों के कार्यान्वयन के फलस्वरूप तथा पहले से कार्यान्वित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि होने के कारण समीक्षाधीन वर्ष में लगभग 2.05 लाख अतिरिक्त कर्मचारी बीमारी हितलाभ के पात्र हो गए। 1979-80 वर्ष के दौरान बीमारी हितलाभ का दावा करने के हकदार कर्मचारियों की कुल संख्या 57.44 लाख होने का अनुमान है जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 56.39 लाख थी (कालम 3 देखिये)

38.2 वर्ष के दौरान बीमारी नकद हितलाभ के रूप में 4296.75 लाख रुपये की राशि की अदायगी की गई जबकि 1978-79 वर्ष में यह राशि 3350.41 लाख रुपये थी।

38.3 प्रति कर्मचारी नई अवधियों की औसत संख्या 1978-79 में 0.90 थी जो 1979-80 वर्ष में बढ़कर 1.00 हो गई है। 1979-80 के दौरान प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष हितलाभ दिनों की औसत संख्या भी बढ़कर 7.8 हो गई है जो 1978-79 में 6.8 थी। प्रति कर्मचारी हितलाभ की दैनिक दर की राशि 1978-79 में 8.92 रुपये थी जो 1979-80 में बढ़कर 9.54 रुपये हो गई है।

38.4 पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बीमारी हितलाभ दावों की घटना और अवधि के संबंध में राज्यों में परस्पर काफी घट-बढ़ रही। लेकिन विभिन्न केन्द्रों पर बीमारी दावों की अवधि पर महानिदेशक लगातार निगरानी रखे हुए हैं। इस संबंध में मुख्यालय में प्रत्येक मास प्राप्त आंकड़ों का आवधिक रूप से विश्लेषण किया जाता है तथा किसी केन्द्र की किसी असामान्य घटना के बारे में क्षेत्रीय निदेशकों तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों के साथ पत्र व्यवहार किया जाता है ताकि वे आवश्यक तथा संभव होने पर इस असामान्य घटना को दूर करने के लिए उपयुक्त व शीघ्र कार्रवाई कर सकें।

38.5 धारा 58(2) के अन्तर्गत अत्यधिक बीमारी लाभ

बीमाकृत व्यक्तियों की बीमारी हितलाभ अदायगी का भार कुछ राज्यों में अखिल भारतीय औसत से अधिक पाया गया है। 1978-79 वर्ष के अत्यधिक बीमारी हितलाभ को निगम तथा राज्य सरकारों के बीच निम्न प्रकार से बांटा गया है :—

क्रम सं०	राज्य सरकार का नाम	राज्य में दी गई कुल बीमारी हितलाभ की राशि (वास्तविक)	अखिल भारतीय औसत से अधिक में राज्य सरकार का शेयर
		रु०	रु०
1.	तमिलनाडु	4,22,67,499	15,56,278
2.	बिहार	95,32,478	5,81,643
3.	मध्य प्रदेश	1,70,18,638	26,69,742

39. विस्तारित बीमारी हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 9 और 10)

39.1 क्षय रोग, कोढ़, मानसिक तथा दुर्दम्य रोग आदि जैसे कुछ विशिष्ट रोगों से पीड़ित बीमाकृत व्यक्ति बीमारी हितलाभ के 91 दिन के बाद विस्तारित अवधि के लिए विस्तारित बीमारी नकद हितलाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

39.2 1979-80 वर्ष में इस मद में बीमाकृत व्यक्तियों को 325.98 लाख रुपये की राशि अदा की गई जबकि पिछले वर्ष यह राशि 314.42 लाख रुपये थी।

39.3 प्रति 1000 जोखिम-ग्रस्त कर्मचारी दावों की संख्या और समाप्त दावों की अवधि के रूप में अभिव्यक्त विस्तारित बीमारी हितलाभ दावों की घटनाएं 1978-79 तथा 1979-80 वर्षों के लिए परिशिष्ट 16 के कालम 9 तथा 10 में दिखाई गई हैं।

40. प्रसूति हितलाभ (परिशिष्ट 16 के कालम 11 और 12)

40.1 प्रसूति हितलाभ के लिए पात्र महिला कर्मचारियों की संख्या 1978-79 में 4,18,200 थी जो 1979-80 में बढ़कर 4,58,600 हो गई है। प्रसूति दावों के रूप में अदा की गई कुल राशि 194.91 लाख रुपये थी जबकि 1978-79 में यह राशि 17[illegible]-90 लाख रुपये थी। प्रति प्रसूति दावा हितलाभ की औसत राशि 1978-79 में 907 रुपये थी जो 1979-80 में घटकर 860 रुपये रह गई है।

40.2 प्रति 1000 बीमाकृत महिला कर्मचारी दावों की संख्या 1978-79 में 45.9 थी जो 1979-80 में बढ़कर 49.4 हो गई है।

41. अस्थाई अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 3 से 6)

1979-80 के वर्ष के दौरान रोजगार चोट से ग्रस्त कर्मचारियों की संख्या 58.99 लाख थी जबकि 1978-79 में यह संख्या 56.79 लाख थी (देखिये कालम 2)। 1979-80 वर्ष में अस्थायी अपंगता हितलाभ के रूप में अदा की गई राशि 693.68 लाख रुपये थी जबकि 1978-79 वर्ष में यह राशि 645.92 लाख रुपये थी। नई अवधियों की औसत संख्या तथा प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की संख्या और औसत हितलाभ दर क्रमशः 0.07, 1.10 तथा 10.72 रुपये है जबकि 1978-79 वर्ष में तदनुरूपी आंकड़े क्रमशः 0.08, 1.13 तथा 10.10 रुपये थे। (देखिए कालम 4 से 6) प्रति अवधि का औसत काल 14.23 से बढ़कर 14.66 दिन हो गया है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों में इन दावों की घटनाओं और काल में घट बढ़ रही।

42. अस्थाई अपंगता हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 7 से 10)

42.1 1979-80 वर्ष के स्वीकृत नये मामलों की संख्या 15,622 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 16,532 थी। प्रति 1000 बीमाकृत कर्मचारी घटनाएं 1978-79 की 2.91 से घटकर 1979-80 में 2.65 रह गई।

42.2 वर्ष के आरम्भ में निधि के दावेदारों की संख्या 40,096 थी जो वर्ष के अन्त में बढ़कर 41,726 हो गई (देखिए कालम 10) हितलाभ के रूप में वास्तव में संवितरित राशि 578.70 लाख रुपये (291.20 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित) थी जबकि 1978-79 वर्ष में यह राशि 608.41 लाख रुपये (359.60 लाख रुपये की रूपान्तरित राशि सहित थी)।

42.3 वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए मामलों से संबंधित स्थायी अपंगता हितलाभ दावों का पूंजीकृत मूल्य 650.83 लाख रुपये था जबकि 1978-79 वर्ष में यह 638.60 लाख रुपये था। वर्ष के अन्त में स्थायी अपंगता हितलाभ आरक्षित निधि 2005.66 लाख रुपये थी जबकि वित्तीय वर्ष के आरम्भ में तदनुरूपी राशि 1862.86 लाख रुपये थी।

42.4 आवधिक अदायगियों के बदले रूपान्तरित मूल्य लेने का विकल्प करने वाले स्थायी अपंगता हितलाभ के दावेदारों की संख्या 1978-79 में 11,751 थी जो 1979-80 वर्ष में घटकर 10,477 रह गई है।

43. अस्थायी अपंगता हितलाभ दावे (परिशिष्ट 18)

43.1 वर्ष के दौरान स्वीकार किए गए स्थायी अपंगता के 15,622 मामलों का (क) उद्योग के मुख्य समूहों तथा (ख) उद्योगवार प्रदर्शित प्रति 1000 कर्मचारी दावों की घटनाओं के अनुसार विश्लेषण किया गया था। पिछले वर्ष की तरह, दुर्घटनाओं की सबसे अधिक संख्या "वस्त्र उद्योग" में पाई गई तथा इसके बाद "इंजीनियरी" और "धात्विक खनिज" का स्थान रहा। व्यय-भार "वस्त्रों उद्योग" में अधिक है। 1978-79 वर्ष के तदनुरूपी व्यय-भार की तुलना में यह देखा गया है कि इस वर्ष अनुभव किया गया व्यय भार अधिकांश उद्योगों में पिछले वर्ष अनुभव किये गये व्यय भार से काफी कुछ मिलता जुलता है।

43.2 स्थायी अपंगता की औसत डिग्री 8.27 अनुभव की गई जबकि पिछले वर्ष यह 8.25 थी। अधिकतम दुर्घटनाएं आठवें मजदूरी ग्रुप, यानी 16 रुपये और 24 रुपये के बीच दैनिक मजदूरी ग्रुप, में हुई। 43.3 महिला कर्मचारियों में स्थायी अपंगता हितलाभ के मामले की संख्या केवल 162 रही। इन घटनाओं के कम होने का कारण सम्भवत: यह है कि महिलाओं को आमतौर पर जोखिम वाले व्यवसायों, -कार्यों आदि पर नहीं लगाया जाता है।

44. आश्रितजन हितलाभ (परिशिष्ट 17 के कालम 11 और 12)

